राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, सोमवार, 09 दिसंबर 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 352 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-

**अनमोल विचार**

थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्योंकि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है।

▶▶ रहीम

## न्यूज़ इन शॉर्ट

### सत्य के साथ-साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करोः सीएम योगी

**कानपुर, एजेंसी।** रामा विश्वविद्यालय, मंधना कानपुर का तीसरे दीक्षांत समारोह में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा- भारतीय दृष्टि देखिए कितनी महान थी। हमने सत्य के मार्ग पर चलने की



बात कही है। यानी सत्य के साथ-साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करो। उन्होंने कहा- अगर दुनिया के अंदर धर्मों को किसी ने समझा है तो भारतीय ऋषियों ने समझा है। उपासना तक सीमित नहीं रखा। किसी भी ऋषि ने ये नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं वही सत्य है। आपकी मर्जी आप मेरी बात मानो या न मानो। देश और समाज के लिए जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो। उन्होंने कहा- कोई भी भारत का सनातन धर्मावलंबी ये नहीं कह सकता है कि वह तभी हिन्दू है जब वह मंदिर जाएगा। जो जाएगा वह भी है और जो नहीं जाएगा वह भी है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बंगाल में प्रदर्शन, ढाका की साड़ियों को जलाया

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों



के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशकाली और पुरुलिया में हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से आयोजित रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों में लोगों ने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की भी मांग की। कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे।

### एमपी बोर्ड परीक्षाओं में इस बार ज्यादा होगी छोटे प्रश्नो की संख्या

**विजय मत, भोपाल ।** एमपी बोर्ड की परीक्षाओं में इस बार बड़े प्रश्नों की अपेक्षा छोटे वष्तुनिष्ठ प्रश्न ज्यादा पूछें जाएंगे। कमजोर



विद्यार्थियों के लिए अलग से क्लास लगाई जा रही है। बोर्ड ने विद्यार्थियों की तैयारी के लिए सैंपल पेपर अपलोड कर दिया है। एमपी बोर्ड की 25 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षाओं की तैयारी जोरों पर है। कमजोर विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में अलग से कक्षाएं लगाई जा रही हैं। छुट्टी के दिन भी विद्यार्थियों को बुलाकर तैयारी करवाई जा रही है। वहीं एमपी बोर्ड ने इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं के सैंपल पेपर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। विद्यार्थियों को तैयारी करने के लिए करीब ढाई माह का समय शेष है। खास बात यह है कि इस बार दो अंक के छोटे प्रश्नों की संख्या ज्यादा होगी।

### राजा बुंदेला पर 33 लाख की धोखाधड़ी का आरोप, युवक की चेतावनी, सीएम के सामने दूंगा जान

**विजय मत, ब्यूरो छतरपुर ।** विश्व प्रसिद्ध खजुराहो में चल रहे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के आयोजक और




फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला पर टूर्स एंड ट्रेवल्स व्यवसायी साकेत गुप्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। साकेत का कहना है कि राजा बुंदेला ने उनसे खजुराहो फिल्म फेस्टिवल और ओरछा राम उत्सव के लिए टिकट बुकिंग और ट्रांसपोर्ट का काम करवाया, लेकिन 33 लाख रुपए का भुगतान अब तक नहीं किया। शिकायतकर्ता साकेत गुप्ता का आरोप है कि वह अपनी रकम के लिए लगातार राजा बुंदेला से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हर बार सिर्फ तारीख दी जाती है।

## डॉ. मोहन यादव ने 50 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# शाजापुर में मेडिकल और शुजालपुर में आयुर्वेदिक कॉलेज बनेगा : सीएम

**विजय मत, शाजापुर (उज्जैन)**

शाजापुर में रविवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने बस स्टैंड के लोकार्पण सहित 50 करोड़ से अधिक के 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। जिले में 22 करोड़ 43 लाख 37 हजार लागत के 13 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसी तरह 27 करोड़ 58 लाख 64 हजार की लागत के 11 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सीएम ने शहर में रोड़ शो भी किया। सीएम खुली जीप में सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। रोड शो भाजपा कार्यालय से प्रारंभ हुआ, जो ट्रैफिक पाइंट से होते हुए सभा स्थल बस स्टैंड पर पहुंचा। मंच से शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने पांच मुख्य मांगे सीएम के समक्ष रखी। जिनमें मेडिकल कॉलेज, लखुंदर नदी से पाइप लाइन के माध्यम से किसानों को पानी, आलू प्याज के लिए नई मंडी की घोषणा, शाजापुर में उद्योग के लिए निवेश की मांग, शाजापुर से लाहोरी बल्डा होते हुए बाइपास की स्वीकृति।




### जिले में विकास की नैया बहेगी

सीएम ने शुजालपुर में आयुर्वेदिक कॉलेज और शाजापुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात देने की घोषणा की। सीएम ने कहा, अब तो शाजापुर में विकास की नैया बहेगी, जहां देखो वहां पानी ही पानी होगा। क्योंकि एक तरफ तो मां नर्मदा शाजापुर जिले के लोगों के कंठों की प्यास बुझाएगी।

### किसानों को मिलेगा पर्याप्त पानी

वहीं आसपास की कालीसिंध, लखुंदर, पार्वती जैसे नदियों से खेती किसानी के लिए पानी दिया जाएगा। गोमाता के माध्यम से 33 करोड़ देवी देवता का लाभ मिलता है। पूरे प्रदेश में जगह-जगह कांजी हाउस हैं। उनका नाम बदलकर अब गोशाला किया जाएगा।

### आलू-प्याज मंडी के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव

प्रदेश के कोने-कोने में गोशाला निर्मित होंगी। वहीं हर घर में एक गाय पालने का निवेदन भी सीएम ने मंच से किया। साथ ही उन्होंने अपने भाषण में शाजापुर विधायक की मांग पर कहा कि जल्द ही आलू प्याज मंडी और शहर के लिए एक और बाइपास की मांग पर कहा कि जल्द ही दिल्ली में प्रस्ताव रखकर इसे भी पूरा किया जाएगा। किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी और बिजली दे रहे हैं। अब किसानों की आय बढ़ाने के लिए दूध भी खरीदेंगे और दूध के ऊपर बोनस देने का काम भी सरकार करेगी। देश में प्रदेश का दूध में योगदान 2 प्रतिशत है। इसे 20 प्रतिशत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा के पदाधिकारी के साथ-साथ प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मुलाकात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके निवास में सौजन्य भेंट की।

### शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के शुभारंभ पर पोलियो की दवाई पिलाकर नन्हें-मुन्ने बच्चों को उपहार दिए।

### विमोचन




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में राजाधिराज लव लाइफ लीला नाटक और म्यूजिकल एल्बम का विमोचन किया।

## सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कदम सरदार पटेल की आत्मा को संतोष प्रदान करते हैं : अमित शाह

**जोधपुर, एजेंसी**

जोधपुर दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कदम सरदार पटेल की आत्मा को संतोष प्रदान करते हैं। जो अधूरे संकल्प थे, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने सरदार पटेल के योगदान को दबाने का प्रयास किया, लेकिन अब उन्हें उचित सम्मान मिला है। सरदार पटेल को भारत रत्न से सम्मानित करने और उनकी जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के फैसले ने उनके योगदान



को नई पहचान दी है। गृह मंत्री ने धारा 370 और 35ए के हटने, कॉमन सिविल कोड लाने और ट्रिपल तलाक को समाप्त करने जैसे कदमों को सरदार पटेल के सपनों को पूरा करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के संकल्पों को पूरा करने में मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### रियासतों के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान

शाह ने सरदार पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके बिना भारत का वर्तमान स्वरूप असंभव था। उन्होंने रियासतों को एकीकृत कर भारत को मजबूत किया। जोधपुर एयरबेस और अन्य राष्ट्रीय परियोजनाओं में उनकी भूमिका को याद करते हुए शाह ने कहा कि सरदार पटेल को कांग्रेस ने कभी उचित सम्मान नहीं दिया, लेकिन मोदी सरकार ने फ्रस्टैच्यू ऑफ यूनिटीफ्र बनाकर उनकी विरासत को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया। 1100 किलो धातु से बनी और 11 फीट ऊंची यह प्रतिमा जोधपुर में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को सम्मान देने के लिए स्थापित की गई है।

## इंडिया समूह का नेतृत्व करने में सक्षम हैं ममताः शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



ममता बनर्जी इंडिया समूह का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। श्री पवार ने कोल्हापुर में पत्रकारों से कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी मंशा दिखाने का अधिकार है। इंडिया समूह के भीतर कई नेताओं ने भी सुश्री बनर्जी के बयान का स्वागत किया है। राकांपा (सपा) की नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि वह सुश्री बनर्जी की अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाने की इच्छा से प्रसन्न हैं। इस पर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद उदय सावंत ने कहा कि यह कांग्रेस का ÷अपमान÷ है। इससे साबित होता है कि कांग्रेस नेतृत्व नेतृत्व करने में सक्षम नहीं है।

**मप्र में 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले**

## अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता को पीडब्ल्यूडी से हटाया, नीरज मंडलोई को अतिरिक्त प्रभार

**विजय मत, भोपाल**

शासन ने रविवार देर शाम को 15 आइएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता को पांच माह में ही हटा दिया। विभाग में एक वर्ष के भीतर तीन अधिकारी बदले जा चुके हैं। नई पदस्थापना होने तक अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई के पास विभाग का अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय में दो उप सचिव पदस्थ किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि राजभवन ने प्रमुख सचिव से ऊपर का अधिकारी पदस्थ करने के लिए कहा था। उधर, लोक निर्माण विभाग में सरकार जिस तेजी के साथ काम की अपेक्षा कर रही है, वह नहीं हो पा रहा था। यही कारण है कि पहले प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह और फिर डीपी आहूजा को बदला गया।

केसी गुप्ता की पदस्थापना दो अगस्त 2024 को की गई थी। राजभवन की मांग को देखते हुए उन्हें राज्यपाल का अपर मुख्य सचिव पदस्थ कर दिया। उधर, कृषि और सामान्य प्रशासन कार्मिक की जिम्मेदारी संभाल रहे एम सेलवेंद्रन को राहत देते हुए उन्हें पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक के दायित्व से मुक्त कर दिया है। उनके स्थान पर अपर सचिव अमित तोमर को यह जिम्मेदारी दी गई है।

### किसे कहां किया पदस्थ

**मुकेश चंद्र गुप्ता**- सचिव राज्यपाल से सचिव मानव अधिकार आयोग

**छोटे सिंह**- अपर आयुक्त ग्वालियर से संचालक पंचायत राज

**दिनेश कुमार मौर्य**- उप सचिव राजस्व से नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन

**अरुण कुमार परमार**- अपर आयुक्त रीवा से उप सचिव मुख्यमंत्री

**रजनी सिंह**- अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर इंदौर से श्रम आयुक्त इंदौर

**मयंक अग्रवाल**- नियंत्रण खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड

**तन्वी हुड्डा**- प्रतीक्षारत से अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर इंदौर

**नीतू माथुर**- मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी ग्वालियर से अपर आयुक्त रीवा

**जमुना भिड़े**- उप सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से सचिव जनजातीय प्रकोष्ठ राजभवन

**आशीष तिवारी**- उप सचिव जल संसाधन से उप सचिव मुख्यमंत्री

**सुनील दुबे**- उप सचिव संस्कृति एवं पर्यटन से सीईओ जिला पंचायत भिंड

**जगदीश कुमार गोमे**-सीईओ जिला पंचायत भिंड से अपर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

**मनोज कुमार सरियाम**- अपर आयुक्त सहकारी संस्थाएं से अपर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

**इन्हें दिया अतिरिक्त प्रभार** - अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन के पास संसदीय कार्य और राहुल नामदेव धोटे के पास उप सचिव जल संसाधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

## महाराष्ट्र विस के स्पीकर राहुल नार्वेकर होंगे, विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली, डिप्टी स्पीकर का पद मांगा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय



वडेट्टीवार और अमित देशमुख एनसीपी-एसपी नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे।

**किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला, 5 किसान घायल**

## हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछारें मार खदेड़ा

**शंभू बॉर्डर (पटियाला), एजेंसी**

दिल्ली के लिए रवाना हुए पंजाब के 101 किसान करीब पौन 4 घंटे बाद वापस लौट आए। 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने



कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया। 5 किसान घायल हुए। जिसमें एक की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। इसके बाद किसान नेताओं ने जत्थे को वापस बुला लिया। अब किसान मीटिंग करेंगे। हालांकि दिल्ली कूच की कोशिश के दौरान हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए।

## गत विजेता बांग्लादेश ने किया एशिया कप के खिताब का बचाव, आठ बार के चैंपियन भारत को हराया

**दुबई, एजेंसी**

बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। दुबई में खेले गए



फाइनल मैच में बांग्लादेश ने भारत को 59 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने रिजान हुसैन की 47 रनों की पारी की बदौलत 49.1 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में भारत की टीम 139 रन ही बना सकी और 35.2 ओवर में ऑलआउट हो गई।

बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 195 रन से हराया था। बता दें कि, यह अंडर-19 एशिया कप का 11वां सीजन है। भारतीय टीम ने आठ बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। भारत को इससे पहले 2023 में अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया था। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुशीर खान की 50 रनों की पारी की बदौलत 188 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश ने 42.5 ओवर में 189 रन बनाकर जीत दर्ज की थी और फाइनल में स्थान हासिल किया था।

भारतीय टीम का कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका जिसमें आईपीएल के सबसे युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जो केवल नौ रन (7 गेंद, 2 चौके) ही बना सके। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (01) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया।

**विजय मत एंकर** हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचारों के बीच त्रिपुरा में बड़ा एक्शन

## त्रिपुरा के होटलों में बांग्लादेशियों की एंट्री पर बैन

**त्रिपुरा, एजेंसी**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचारों के बीच, ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन (एथ्रोआ) ने बांग्लादेशी नागरिकों को होटल और रेस्तरां सेवाएं देने से इनकार करने का फैसला किया है। ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन के कार्यालय सचिव भास्कर चक्रवर्ती ने एक बयान में कहा, 2 दिसंबर को हमने अपने सभी सदस्यों की उपस्थिति में निर्णय लिया कि 2 दिसंबर से बांग्लादेशी नागरिकों के लिए कोई




भी होटल उपलब्ध नहीं होगा। यह निर्णय पड़ोसी देश बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के प्रति कड़ी प्रतिक्रिया के रूप में लिया गया है। ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन ने राज्य में बांग्लादेशी नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के बढ़ते उत्पीड़न के आरोपों के बाद यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन के सचिव भास्कर चक्रवर्ती ने एएनआई को बताया, इस निर्णय का मुख्य कारण बांग्लादेश में हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति दिखाया गया अनादर है। इसके अतिरिक्त, बांग्लादेश उच्चायोग से जुड़ी घटना ने भी इस प्रस्ताव को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूसरा कारण यहां आने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना है। अगर किसी बांग्लादेशी मेहमान के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो पूरी जिम्मेदारी होटल मालिक पर होगी। ऐसी जटिलताओं से बचने के लिए, हमने इस महीने की 2 तारीख को फैसला किया कि हम बांग्लादेशी नागरिकों को कमरे उपलब्ध नहीं कराएंगे, उन्होंने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया, जो (बांग्लादेशी) नागरिक 2 दिसंबर से पहले यहां चेक-इन कर चुके हैं, वे यहां रह सकते हैं, लेकिन हम कोई नई बुकिंग स्वीकार नहीं करेंगे।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट



### एसईसीएल सोहागपुर एरिया में के एकांमबरम ने महाप्रबंधक संचालन का पदभार ग्रहण किया

धनपुरी - एसईसीएल सोहागपुर एरिया में महाप्रबंधक संचालन के पद पर जे. एकांमबरम ने पदभार ग्रहण कर लिया कुछ दिनों पहले ही बिलासपुर मुख्यालय के द्वारा गेवरा एरिया से उनका स्थानांतरण सोहागपुर एरिया के लिए किया गया था जबकि यहां पर पदस्थ रहे महाप्रबंधक संचालक बी त्रिपाठी जिनकी पदोन्नति महाप्रबंधक के पद पर जमुना कोतमा एरिया के लिए किया गया और उनकी जगह पर मुख्यालय के द्वाराजे. एकांमबरम की पदस्थापना की गई थी जिन्होंने पदभार ग्रहण करने के साथ ही एरिया के अधिकारियों के साथ बैठक कर कोयला उत्पादन से संबंधित विषयों पर चर्चा की और इस बात को भी कहा कि मार्च का महीना करीब है और वार्षिक कोयला उत्पादन को जो लक्ष्य है उसे पूरा करना है बताया जाता है कि जे. एकांमबरम काफी सुलझे अधिकारी माने जाते हैं और उनके यहां पर पदस्थापना होने से निश्चित ही इसका लाभ एरिया को मिलेगा।

### श्रद्धा महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित आनंद मेला

धनपुरी- श्रद्धा महिला मंडल, बिलासपुर की अध्यक्षा परम श्रद्धेय श्रीमती पूनम मिश्रा जी और उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उतरदायित्व को निभाते हुए हमारी सोहागपुर क्षेत्र की सुरभि महिला समिति ने बिलासपुर में श्रद्धा महिला मंडल के द्वारा आयोजित आनंद मेला में दिनांक 23 एवं 24 नवम्बर को अपनी टीम के साथ सहभागिता निभाते हुए हरियाणा का स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में आनंद मेला में लकी ड्रॉ विजेताओं की घोषणा श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा परम श्रद्धेय श्रीमती पूनम मिश्रा जी और उनके सहयोगियों के समक्ष 24/11/2024 को लकी ड्रा में सोहागपुर के 13 भाग्यशाली विजेताओं , जिन्होंने आनंद मेला के लिए लकी ड्रा का कूपन खरीदा था, का नाम घोषित किया गया 7 इन सभी 13 (तेरह) भाग्यशाली विजेताओं को दिनांक 2/12/2024 को सोहागपुर क्षेत्र के उर्वशी भवन में आनंद मेला के लकी ड्रॉ के पुरस्कार के वितरण समारोह卐 में पुरस्कृत किया गया 7 इन सभी को निम्न पुरुस्कार की श्रेणियों में पुरुस्कृत किया गया।

### युवाओं ने श्रमदान कर बनाया बोरी बांध, जल संरक्षण का दिया संदेश

उमरिया। धरती पर जीवन का सबसे जरूरी स्रोत जल है क्योंकि हमें जीवन के सभी कार्यों को निष्पादित करने के लिये जल की आवश्यकता है जैसे पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़ा धोने, फसल पैदा करने आदि के लिये। बिना इसको प्रदूषित किये भविष्य की पीढ़ी के लिये जल की उचित आपूर्ति के लिये हमें पानी को बचाने की जरुरत है।जल मानव जीवन के लिए अत्यंत आवष्यक है। इसका संरक्षण, संवर्धन करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जल के बिना मानव का जीवन संभव नही है। जल का संरक्षण करने हेतु युवा टीम आगें आई है एवं बोरी बंधान कर जल का संरक्षण किया जा रहा है एवं आम जनों को जल का संरक्षण एवं संवर्धन करनें, जल को व्यर्थ नही बहानें का संदेष युवा टीम के द्वारा दिया जा रहा है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह के निर्देश व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य ग्राम पंचायत बरबसपुर नदी में बोरी बांध बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। नदी पर 50 बोरी से पानी रोका गया। इस पानी से पशु ,पक्षी, जीव जंतु अपनी प्यास बुझा सकेगे। साथ ही उस क्षेत्र का जलस्तर भी बना रहेगा। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि जल संरक्षण के लिए बोरी बांध बेहद सस्ता और प्रभावकारी है। इससे नालों को पुनर्जीवित किया जा सकता है, जिससे भूगर्भ जलस्तर में सुधार के साथ किसानों के लिए सिंचाई व मवेशियों के लिए पीने का पानी मिलना सुलभ हो जाता है।

# शहडोल से ब्यौहारी तक मुख्य मार्गों के होटल रेस्टोरेंट एवं ढाबों में छलक रहे हैं शराब के जाम

**विजय मत, शहडोल।**

जिले में शराब का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है।आलम यह है कि होटलों और ढाबो में शराब परोसी जा रही है। शराब कारोबारी धड़ल्ले से जगह-जगह शराब की खेप पहुंचा रहे हैं।आकाशवाणी के आगें बॉर्डर का फायदा उठाकर भी होटल में धड़ल्ले से शराब और कबाब परोसी जा रही है।तो वहीं जिले में इन दिनों ब्योहारी एवं जयसिंहनगर, बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड के किनारे संचालित ढ़ाबो एवं होटलों में होटल संचालको द्वारा बैठाकर शराब पिलाये जाने की चर्चा जोरों पर हो रही है। बताया जा रहा कि शाम होते ही मेन रोड के किनारे संचालित कुछ होटलों मे शराब प्रेमियों का जमावाडा लगना शुरू हो जाता है, जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस से लेकर आबकारी विभाग को भी है, किन्तु उनके द्वारा कार्यवाही नही किया जा रहा है। कार्यवाही न हो पाने की वजह से इनके हौसले बुलंद है और खुलेआम बैठाकर शराब पिलाई जा रही है।



### बेझिझक खुलेआम बैठाकर पिलायी जा रही शराब

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य रूप से जनपद पंचायत के सामने संचालित अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान के नीचे दिन रात बैठाकर शराब पिलाये जाने एवं बस स्टैंड मे संचालित कुछ भोजनालय की दुकानों में बैठाकर शराब पीलाये जाने की चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है इन होटल संचालको के पास बैठाकर शराब पिलाये जाने का कोई वैध दस्तावेज भी नहीं है, बावजूद इसके बेझिझक खुलेआम बैठाकर शराब पिलायी जा रही है।

### भोजनालय एवं होटल में भी असामाजिक तत्वों का जामबाडा

इसी प्रकार जयसिंहनगर के बस स्टैंड में अनेक भोजनालय एवं होटल में भी असामाजिक तत्वों का जामबाडा देखने को मिलता है। नसे में धुत्त नसेडियो से अगल बगल के दुकानदारों को भी काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है और वही सामने चंद दूरी मे महिला बाल विकास, जनपद पंचायत, आजीविका मिशन एवं लोक सेवा केंद्र संचालित है जहा काम कराने के लिये आने जाने वाले लोगों को भी कभी-कभी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही जहा बैठाकर शराब पिलायी जा रही है।

### आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन नही ले रहा कोई एक्शन

ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी आबकारी विभाग या पुलिस प्रशासन को नही है, लेकिन कुछ स्वार्थ और कुछ राजनैतिक संरक्षण के कारण रसूखदार ढाबा और होटल संचालकों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, जिसके कारण आस-पास के रहवासियों और ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं सड़क के दोनों किनारे पर गाड़ियां खड़ी हो जाने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।

# सतचंडी नवकुंडी महायज्ञ में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

## यज्ञ मंडप पर परिक्रमा लगाने सुबह से ही पहुंच रहे हैं भक्त, मां ज्वालामुखी यग समिति द्वारा महायज्ञ का आयोजन

**विजय मत, धनपुरी।**

लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के तत्वाधान में शतचंडी नवकुंडीय महायज्ञ का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है 5 दिसंबर को विशाल कलश यात्रा के साथ ही इस महायज्ञ की शुरुआत हुई और सुबह से ही यहां पर महायज्ञ को लेकर पूजन शुरू हो जाती है जिस तरह से मंत्रों का उच्चारण किया जाता है उससे पूरे शहर में धार्मिकमय नजर आने लगता है 47 वर्ष के बाद इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है यही कारण है कि इसे लेकर भी भक्तों में एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा है लक्ष्मीनारायण मंदिर में जहां पर यज्ञ मंडप बनाया गया है वहां पर सुबह होते ही पूजा शुरू होती है पूरे विधि विधान से जब पूजा अर्चना शुरू होती है तो भक्तों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है बड़ी संख्या में दूर-दूर से भक्त भी अब इस महायज्ञ में शामिल हो रहे हैं और अपना पूर्ण सहयोग भी मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति को दे रहे हैं इस पूरे महायज्ञ में अगर देखा जाए तो जिस तरह से व्यवस्थाओं को लेकर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है उसकी हर कोई सराहना कर रहा है बाहर से आने वाले भक्तों के लिए चाहे रुकने की व्यवस्था हो या फिर समिति की ओर से सहयोग की बात हो वह भी यहां पर देखने को मिल रही है ज्वालामुखी यज्ञ समिति के सेवादार पूरे समय भक्तों की सेवा में लगे हुए नजर आते हैं।

धनपुरी नगर के अंदर इस महायज्ञ को लेकर कई महीने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी और धीरे-धीरे जब इसकी तैयारी पूर्ण हुई तो फिर यहां पर व्यवस्थाएं भी देखते बन रही है लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण हर तरफ एक अलग ही व्यवस्था देखी जा रही है सेवादार पूरे समय यहां पर मौजूद रहकर इस महायज्ञ को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देते हुए देखे भी जा रहे हैं 6 दिसंबर से इस महायज्ञ में यज्ञ मंडप पर परिक्रमा लगाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ आनी शुरू हो गई और दो दिनों में ही हजारों की संख्या में भक्त पहुंचकर इस महायज्ञ का आशीर्वाद लेते हुए देखे गए।





वैसे भी अगर देखा जाए तो हिंदू धर्म में यज्ञ को लेकर एक अलग ही आस्था देखी जाती है यज्ञ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं इस पूरे महायज्ञ में विधि विधान से प्रतिदिन जो पूजा अर्चना की जाती है इसका सबसे अधिक महत्व भी माना जाता है आस्था इस पूरे महायज्ञ में हर तरफ देखने को भी मिलती है मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में जो योग मंडप बनवाया गया है श्रद्धालु भी उसकी सराहना कर रहे हैं भक्तों को किसी तरह की परेशानी ना हो इस महायज्ञ में वह सभी व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं और महायज्ञ को सफल बनाने में भक्त भी अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं।

सत्चंडी नवकुंडीय महायज्ञ को लेकर भक्तों की आस्था ही देखते बन रही है बड़ी संख्या में प्रतिदिन इस महायज्ञ में भक्त शामिल हो रहे हैं इस महायज्ञ में बनारस से पधारे योगाचार्य पंडित डॉक्टर रामबाबू शुक्ला के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराई जा रही है जहां पर भक्तों की आस्था भी एक अलग ही देखी जाती है इसी तरह महायज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक मेयर अखाड़ा से पधारे पंडित रवि शंकर पांडे के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाती है जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं वही शाम 5ः00 बजे से शाम 7ः00 बजे तक आस्था दुबे के द्वारा प्रवचन किया जाता है उनके द्वारा जिस तरह से प्रवचन किया जाता है उसे सुनकर भक्त भी भाव विभोर हो जाते हैं मां ज्वालामुखी मैदान में प्रवचन को लेकर ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा अलग से व्यवस्था की गई है जहां पर भक्तों के बैठने के लिए पांडाल तैयार किया गया है।

### धनपुरी कालरी क्षेत्र के तीन टेबल टेनिस खिलाड़ी प्रिमियर कप के ऑक्शन में चयनित हुए

धनपुरी- मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा प्रदेश में पहली बार टेबल टेनिस खिलाड़ीयों में जोश और जुनून और कुछ कर गुजरने के चाहत को लेकर प्रिमियर टेबल टेनिस लीग के नाम से चार चरणों में टूर्नामेंट का आयोजन इंदौर के अभय प्रशाल स्पोर्ट कॉम्पलेक्स मे हुआ. इन चार चरणों वाली प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गो में जो खिलाड़ी फाइनल पहुचेगा. उसी महिला पुरुष खिलाड़ी को ऑक्शन मे शामिल किया जायेगा. इन खिलाड़ीयो की नीलामी एच.डी.एफ.सी बैंक, सी.एस.बी बैंक, सिटी यूनियन बैंक, डी.सी.बी बैंक व धनलक्ष्मी बैंक द्वारा किया गया है, इन चार चरणों के स्पर्धा से निकले छप्पन खिलाड़ीयों को आठ टीमों में बाँटा गया है - पिंगपोंग, सनसेशन, लायन, यौद्धास, निनजा, थंडरबोल्ट और स्पार्टन . इसमे धनपुरी क्षेत्र के पी. पी सिंह टेबल टेनिस टरहनिंग सेन्टर के नव खिलाड़ी अपने भाग्य को अजमाने इस प्रीमियर कप में हिस्सा लेने इंदौर गये. ये सभी नव खिलाड़ी असफल होकर वापस आ गये। दूसरे चरण में ये सभी खिलाड़ी फिर इंदौर पहुचे. यहाँ पर पहली सफलता अण्डर-13 कैडेट आयु वर्ग में धनपुरी नं 02 कालोनी के 11 वर्षीय खिलाड़ी श्री दक्ष कुमार मिश्रा पिता श्री ओंकर प्रसाद मिश्रा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुये फाइनल जीतकर ऑक्शन के लिए अर्हता प्राप्त किया. तीसरे चरण के स्पर्धा के लिए फिर आठ खिलाड़ी इंदौर पहुँचे. वहाँ पर अपनी मेहनत, माता-पिता, बड़े बुर्जोगो एवं गुरूजन के आशीर्वाद से अंडर 17 जुनियर आयु वर्ग में दो खिलाड़ी ने अपना आत्म विश्वास एवं फाइनल पहुँचने की ललक ने सफलता की दहलीज मे पहुँचे. खिलाड़ी श्री प्रियांशु गुप्ता व यशराज गोस्वामी ( खेलों एम.पी के सिल्वर व ब्रोन्ज मेडलिस्ट व स्कूल गेम्स के नेशनल ) ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाते हुये आक्शन के लिए अनुभोदन प्राप्त किया।



### लखनपुर प्रीमियर लीग में इलेवन स्टार लखनपुर को हराकर बज्र इलेवन बनी विजेता

जयसिंहनगर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासकीय हाई स्कूल मैदान में विधानसभा जयसिंहनगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के संरक्षण में लखनपुर प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आठवां संस्करण आयोजित किया गया। 27 नवंबर से यह मुकाबला प्रारंभ हुआ जिसका फाइनल मुकाबला रविवार 08 दिसंबर 2024 को बज्र इलेवन जयसिंहनगर और इलेवन स्टार लखनपुर के मध्य खेला गया। बज्र इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 14 ओवर में सात विकेट खोकर 172 रन बनाए। बज्र इलेवन की ओर से दीपक (डीके) ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए महज़ 29 गेंदों में 08 चौके एवं 05 छक्के लगाकर 70 रन बनाए। अंकित सोनी ने इलेवन स्टार की ओर से 3 ओवरों में 22 रन देकर 4 विकेट चटकाए, प्रसून मिश्रा ने 01 ओवर में 29 रन देकर लखनपुर की ओर से महंगे गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में इलेवन स्टार लखनपुर की टीम 6 विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी और इस तरह बज्र इलेवन जयसिंहनगर ने इस मुकाबले को 25 रनों से जीत लिया।

**ये रहे पुरस्कार** –लखनपुर प्रीमियर लीग के इस प्रतियोगिता में विजेता टीम बज्र इलेवन जयसिंहनगर को नगद 21000 रुपए एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम इलेवन स्टार लखनपुर को 11000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गयी। शानदार प्रदर्शन के लिए दीपक डीके को मैन ऑफ़ द मैच 501 रुपए एवं ट्रॉफी जबकि पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंकित सोनी को मैन ऑफ़ द सीरीज 1100 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। उपस्थित विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने प्रतियोगिता की तारीफ करते हुए सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का सुझाव देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों एवं सरपंच ग्राम पंचायत बसोहरा की तारीफ करते हुए हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

**ये रहे उपस्थित** –लखनपुर प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में विधानसभा जयसिंहनगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक कुमार मरावी, भाजपा महिला कार्य समिति सदस्य जयश्री कचेर, जनपद सदस्य राम प्रसाद पयासी, अध्यक्ष सरपंच संघ एवं सरपंच ग्राम पंचायत ढोलर कविता सिंह, स्नेहा टीवीएस जयसिंहनगर के संचालक रावेन्द्र शर्मा, राकेश पत्रकार अग्निहोत्री एवं सुनील द्विवेदी, सीआईएफ राज बहादुर सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत बरना बालदेव सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत बसोहरा दशरथ सिंह मरावी, एडवोकेट प्रभाकर सिंह सेंगर, भास्कर सिंह सेंगर, उपसरपंच देवराज सिंह (लल्लू सिंह), अजय गुप्ता, अवधेश कुमार केवट, अनुपम द्विवेदी, अजय तिवारी, शंकर सिंह, सरमन सिंह, सुजीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह खिलाड़ी एवं आयोजन समिति के सदस्य सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

**समस्या** सूदखोरों से कराह रही जनता, ऑपरेशन शिकंजा की दरकार, जिम्मेदारों को नहीं है ख्याल

# सूदखोरों के शिकंजे में गरीब, किसान और युवा का जीवन

**विजय मत, धनपुरी।**

जिले में अरसे बाद एक बार फिर जिले में सूदखोरों के खिलाफ शंखनाद और %ऑपरेशन शिकंजा% की दरकार एक बार फिर महसूस की जा रही है, मुख्यालय के साथ ही जिले? के ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं बुढार,धनपुरी,अमलाई थाना क्षेत्रों में एक बार फिर सूदखोरों का आतंक पूरे शबाब पर है, बीते वर्षों में पुलिस के द्वारा की गई %ऑपरेशन शिकंजा% की कार्यवाही से उबर कर सूदखोर पुरानी गलतियों को ना दोहराते हुए नए तरीकों से सूदखोरी के काम को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आम जनता सिसकती हुई नजर आ रही है।

**किसान-मजदूरों युवाओं का सबसे ज्यादा शोषण हो रहा**–सबसे ज्यादा गरीब तबका, किसान और युवा इन सूदखोरों के चंगुल में फंसे हुए हैं। जरूरत पर वह पैसा लेने के लिए अपनी कीमती वस्तुएं भी गिरवी रखते हैं और सूदखोर उनसे दस प्रतिशत ज्यादा महीने के हिसाब से ब्याज वसूलते हैं। इससे गरीब व्यक्ति दिन भर जो भी मेहनत-मजदूरी करके पैसा जुटाता है उससे वह मूल धन तो छोड़ो ब्याज ही पूरा नहीं कर पाता है। जयसिंहनगर निवासी किसान रावेन्द्र सिंह के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था। इस तरह से लोग गरीबी के दल-दल में फंसते चले जाते हैं।




**सूदखोरों के सताए लोग आत्महत्या के लिए मजबूर** –लोगों ने सूदखोर ज्यादा दबाव बनाते हैं तो या तो उनका घर या फिर जमीन बिक जाती है और वह बेसहारा हो जाते हैं। कुछ न बचने पर सूदखोरों के सताए लोग आत्महत्या करने तक के लिए मजबूर हो जाते हैं। पुलिस तक यह शिकायतें पहुंचतीं तो पुलिस भी कुछ खास मदद नहीं करती है। बैंकों से ऋण लेने की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि आज भी मजलूमों को सूदखोरों के आगे अपनी पगड़ी उतारनी पड़ रही है जो कई गुना ब्याज लेने के साथ किसानों के खेतों पर भी कब्जा कर ले रहे हैं। प्रशासन ने एक भी बार सूदखोरों के खिलाफ मुहिम नहीं चलाई। इसके चलते इनका मकडज़ाल पूरे जिले में फैला हुआ है। उद्योग शून्य इस जिले में अधिकतर लोगों का रोजी-रोटी का साधन खेती किसानी है। समय से खाद, बिजली व पानी नहीं मिल पाने के कारण फसल धोखा दे देती है। सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में लोग शादी विवाह के अवसरों पर सूदखोरों के यहां अपने जेवरात गिरवी रख देते हैं या अधिक ब्याज पर कर्ज ले लेते हैं। इसके बाद साहूकार चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर इतना कर्ज लाद देते हैं कि उसे अदा करने में किसानों के खेत तक बिक जाते हैं।

**सूदखोरो की प्रताड़ना** –गरीब व्यक्ति मजबूरी में सूदखोरों से कर्ज तो ले लेते हैं, लेकिन भारी भरकम ब्याज सहित कर्ज चुकाना इन कर्जदारों के लिए चुनौती बन जाता हैं। इसके बाद इन लोगों को मानसिक परेशानी व सूदखोरों की प्रताडता का सामना करना पड़ता है। 15 से 20 प्रतिशत तक ब्याज वसूली करने वाले सूदखोरों की कोई जांच ना होने से प्रशासन की उपेक्षा के नतीजन सूदखोर बिना किसी पंजीयन के सूदखोरी में पनप चुके हैं। जिनके पास पैसा लेन- देन करने का कोई लाइसेंस तक मौजूद नहीं है। सूत्र बताते हैं कि कोयलांचल का नामी सूदखोर बगैर कोई पंजीयन व लाइसेंस के धड़ल्ले से अपना कार्य कर रहे हैं। कोयलांचल में दुकान की आई में नकली सामान की बिक्री के साथ ही ब्याज पैसे की वसूली कर रहा है।

कोयलांचल क्षेत्र में सूदखोर बगैर कोई पंजीयन व लाइसेंस के धड़ल्ले से अपना कार्य कर रहे है। पैसा लेन-देन के वक्त ये लोग मौके की नजाकत को भांपते हुए जरूरतमंद लोयों को पैसा दे देते हैं। और इसके बाद पेनल्टी व 10 से भी ज्यादा गुना तक ब्याज लगाकर जरूरत मंद को अपने जाल में फसा लेते हैं।

# भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रव्यापी श्रमिक संपर्क अभियान जारी




**विजय मत, धनपुरी।**

भारतीय मजदूर संघ शहडोल का श्रमिक संपर्क अभियान लगातार गति प्राप्त कर रहा है श्रमिकों के बीच में उत्साह लगातार देखने को मिल रहा है भारतीय मजदूर संघ शहडोल के जिला मंत्री बृजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कई टोलियां अपने-अपने क्षेत्र में लगातार श्रमिकों से संपर्क कर रही हैं आगामी आने वाले समय में गांव ,शहर , औद्योगिक क्षेत्रो में तेजी से जनसंपर्क के माध्यम से श्रमिकों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा जिला मंत्री बृजेश कुमार मिश्रा भारतीय मजदूर संघ शहडोल एवं उनसे संबंद्ध यूनियन लगातार श्रमिकों से जनसंपर्क कर रहे हैं इसी कड़ी में सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओसियम में भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा की उपलब्धियों के साथ श्रमिक संपर्क अभियान किया गया जिसमें मुख्य उपस्थिति अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के मंत्री महेंद्र पाल सिंह प्रदेश कार्य समय सदस्य भारतीय मजदूर संघ द्वारिका प्रसाद मिश्रा एवं क्षेत्रीय महामंत्री ओमकार द्विवेदी सचिव दिनेश पयासी , बगवार इकाई के जेसीसी सुभाष पांडे, नरेंद्र सिंह उपस्थित थे सोहागपुर क्षेत्र के दामिनी भूमिगत खदान में श्रमिक संपर्क अभियान किया गया इकाई के सचिव शरद गुप्ता ,अतहर खान के नेतृत्व में रात के समय श्रमिकों से संपर्क किया गया भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय मंत्री सफाई मजदूर संघ के संभागीय अध्यक्ष चंदन भारती के द्वारा धनपुरी के रीजनल रोड में आने वाले दुकानों मोटर मैकेनिक गैरेज एवं विलियमसन नंबर वन अस्पताल धनपुरी में जनसंपर्क किया गया भारतीय मजदूर संघ शहडोल के सह मंत्री विराट ऑटो संघ के कोषाध्यक्ष राजेश माझी ने दुकानदारों एवं बिल्डिंग वर्कशॉप मजदूरों से जनसंपर्क किया गया भारतीय मजदूर संघ की उपलब्धियों के विषय में अवगत कराया गया राज्य राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मत गोहपारू ब्लॉक में थाने में जनसंपर्क किया गया भारतीय मजदूर संघ की उपलब्धियो को सिपाहियों के सामने रखा गया।

### भोपाल, इंदौर-उज्जैन में ठंड का असर रहेगा

# जबलपुर समेत 13 जिलों में बारिश के आसार ग्वालियर-चंबल में बर्फीली हवा चलेंगी

**विजय मत, भोपाल**

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से के जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश के आसार हैं। जबलपुर समेत 13 जिलों में बारिश हो सकती है। ग्वालियर-चंबल संभाग में बर्फीली हवाएं चलेंगी जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में ठंड का असर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, कटनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल और सिंगरौली में कहीं-कहीं बारिश होने का अलर्ट है।



पूर्वी हिस्से में जहां बारिश और बादल रहेंगे। वहीं, उत्तर और पश्चिमी हिस्से में ठंड का असर बढ़ जाएगा। बर्फीली हवाएं ग्वालियर-चंबल में सीधे आएंगी, जिससे यह ठिठुर सकता है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन में भी तेज ठंड का असर रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तरी इलाकों और पहाड़ों पर मौसम बदल सकता है। इस दौरान पहाड़ों पर बर्फबारी भी हो सकती है। ऐसा होने पर बर्फ पिघलने के बाद बर्फीली हवा प्रदेश में आएगी। वहीं, 8 दिसंबर को पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।

***ग्वालियर में सबसे ज्यादा सर्दी...*** *ग्वालियर में दिन में गर्मी तो रात में ठंड रहती है। पिछले 10 साल में यहां अधिकतम तापमान 26.2 से 31.6 डिग्री तक रह चुका है। वहीं, रात में पारा 1.8 से 6.9 डिग्री दर्ज किया गया। 6 दिसंबर 2006 को दिन का तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। 26 दिसंबर 1961 को न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री पहुंचा था। वर्ष 1997 में कुल मासिक बारिश 106.6 मिमी यानी 4.1 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश 13 दिसंबर 2013 को 32.1 मिमी यानी 1.2 इंच हुई थी।*

### इंदौर-भोपाल में धूप खिली

इंदौर में पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में हल्की गिरावट आई है। शनिवार को दिन का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान भी 2 डिग्री लुढ़ककर 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से फिर भी 2 डिग्री ज्यादा है। रात को हल्की ठंड थी। यहां सुबह से मौसम साफ है और धूप खिलने से ठंड असरदार नहीं है। भोपाल में भी सुबह से धूप निकली है।

### प्रदेश में फिर लुढ़का पारा

तीन-चार दिन की राहत के बाद प्रदेश के शहरों में रात का टेम्प्रेचर फिर लुढ़क गया है। शुक्रवार-शनिवार की रात 12 शहरों में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री के नीचे रहा। शहडोल के कल्याणपुर, नौगांव में 8 डिग्री, सिंगरौली के देवरा और रीवा में 8.2 डिग्री, सतना के चित्रकूट और शिवपुरी के पिपरसमा में 8.5 डिग्री, राजगढ़ में 9 डिग्री, टीकमगढ़ में 9.1 डिग्री, खजुराहो में 9.2 डिग्री, उमरिया में 9.4 डिग्री, पचमढ़ी में 9.6 डिग्री और सतना में 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर

मौसम विभाग के अनुसार, 15 दिसंबर तक मौसम में ऐसा ही उतार-चढ़ाव रहेगा। कभी तेज ठंड, कभी बारिश तो कभी बादल छाए रहेंगे। कड़ाके की ठंड का दौर 20 दिसंबर से शुरू होगा, जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी, सर्द हवाएं भी चल सकती है। सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी। वजह बर्फीली हवाएं सीधे आना है।

### भोपाल में 3.1 डिग्री रिकॉर्ड हो चुका तापमान

भोपाल में दिन-रात ठंड और बारिश का ट्रेंड रहा है। 10 में से पिछले 5 साल से भोपाल दिसंबर में भीग रहा है। आधा से पौन इंच तक बारिश हो गई। इस बार भी बारिश होने के आसार हैं।

### इंदौर में 5 से 8 डिग्री के बीच रहा है पारा

इंदौर में दिसंबर में रात का तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहता है। पिछले साल तापमान 10.1 डिग्री तक पहुंच गया था। 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो दिन में पारा 28 से 31 डिग्री के बीच ही रहता है।

### जागरूक करने दौड़ा भोपाल

## 'रन भोपाल रन 2024' में हजारों लोग हुए शामिल, ट्रैफिक नियमों के पालन का दिया संदेश



**विजय मत, भोपाल**

ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता के लिए भोपाल में 'रन भोपाल रन 2024' का आयोजन रविवार सुबह टीटी नगर स्टेडियम से किया गया। 'रन भोपाल रन' की शुरू हुई,यह दौड़ 10 किलोमीटर की रही। जिसमें हजारों की संख्या में शहर वासियों ने भाग लिया। खास बात ये है कि इस जागरूकता दौड़ में शहर के सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन कैटेगरी में दौड़ हुईं, जिसमें 21 किमी. 10 किमी व 5 किमी की दौड में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शहर की महापौर मालती राय और मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद रहे। 10 किमी की दौड़ सुबह 5.30 बजे से शुरू हुई दौड़ टीटी नगर स्टेडियम से शुरू हुई, जो मेन गेट से जैन मंदिर होकर प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ, जवाहर चौक,भारत माता चौराहा, स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा, यू-टर्न लेकर स्मार्ट रोड, भारत माता चौराहा, जवाहर चैक, अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा होकर टीटी नगर स्टेडियम पर समाप्त हुई। बता दें कि इस आयोजन के लिए कुल रजिस्ट्रेशन करीब 11 हजार से अधिक हुए, जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने 21 किमी., 2500 से अधिक ने 10 किमी और करीब 7500 ने 5 किमी की कैटेगरी में भाग लिया।

### सुबह 6 बजे से शुरू हुई दौड़

यह दौड़ सुबह 6 बजे से टीटी नगर स्टेडियम से प्रारंभ हुई, जो मेन गेट से जैन मंदिर होकर प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ, जवाहर चौक, भारत माता चैराहा, यू-टर्न लेकर जवाहर चैक, अटलपथ, प्लेटिनम प्लाजा होकर टीटी नगर स्टेडियम पर समाप्त हुई। वहीं 21 किमी की दौड़ भी इसमें आयोजित की गई, जिसमें कुछ प्रोफेशनल रनर्स ने भाग लिया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### देशी कट्टा, जिंदा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** बजरिया पुलिस ने देशी कट्टा और 2 कारतूस रखकर घूम रहे युवक को दबोचा है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर इलाके में स्थित हबीबिया तिराहा स्थित आटो स्टैंड के पास से एक युवक को घेरांबदी कर हिरासत में लिया गया था। तलाशी लेने पर उसके पास 12 बोर का एक लोडेड कट्टा और जेब में रखा एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान अजीम (24) निवासी कल्लाशाह का अहाता जहांगीराबाद बताया। आरोपी ने बताया कि वह यह जानलेवा हथियार बेचने की फिराक में खड़ा था। पुलिस ने कट्टा और कारतूस जब्त करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने के साथ ही पुलिस उससे यह जानकारी जुटा रही है, की वह यह हथियार कहॉ से लेकर आया था।

### नवविवाहिता ने किचन में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** पिपलानी थाना इलाके में नवविवाहिता ने किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल खुदकुशी का कारण साफ नहीं हो सका, जिसकी जॉच एसीपी को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार जेके कॉलोनी आनंद नगर में स्थित अपनी ससूराल में रहने वाली शिवानी मौर्य (23) की शादी दो साल पहले सौरभ मौर्य से हुई है। दोनों मूलरूप से जौनपुर यूपी के रहने वाले है। यहां नवविवाहिता के साथ उसका पति, सास और ननद रहती है। पति सहित उसकी ननद भी नौकरी करती है। बीते दिन ननद और पति सौरभ अपने-अपने काम पर चले गए थे। बाद में सुबह करीब 11 बजे सास किसी काम से छत पर चली गई थी। उसी बीच शिवानी ने किचन में फांसी लगा ली। छत से सास जब वापस नीचे आई तो उन्हें बहू का शरीर फंदे पर लटका नजर आया। उन्होनें शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया, लोगो ने जैसै-तैसै शिवानी को फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये हमीदिया अस्पताल भेज दिया। मृतका के परिजनों के आने के बाद शव का पीएम कराया जायेगा। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण इसकी जांच एसीपी को सौंपी गई है। जॉच टीम का कहना है, फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है,जिससे खुदकुशी का कारण साफ हो सकें। आगे की जॉच में मृतका के परिजन और ससुराल वालो के बयान दर्ज किए जाएंगे जिसके बाद ही कारणो का पता चल सकेगा और आगे की कार्यवाही तय की जायेगी।

### बोवनी को लेकर हुए विवाद में युवक के साथ मारपीट और गोली चलाने वालो की तलाश जारी

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में एक खेत पर बोवनी करने की बात को हुए विवाद में करीब आधा दर्जन आरपियो ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। युवक जब उनसे अपनी जान बचाने के लिये वहॉ से भागा तब आरोपियो ने पीछे से कट्टे से गोली चला दी। गोली के छर्रे लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके में स्थित ग्राम कढैया शाह बरैसिया में रहने वाला रामनिवास मीना (25) पेशे से किसान है। इस साल उसने दिनेश शर्मा की जमीन बोवनी के लिए ली है। जो जमीन उसने ली है, वह जमनी पहले इसी गांव में रहने वाले गुलाब मीना के पास थी, जिस पर वह खेती करता था। शनिवार सुबह के समय रामनिवास खेत पर बोवनी करने के लिए गया था। उसी दौरान गुलाब मीना अपने साथियो हाकम मीना, हल्के मीना, विष्णु मीना, गोलू मीना और बंटी मीना के साथ वहॉ आ धमका। उसने खेत लेने की बात को लेकर रामनिवास से दुर्व्यवहार करते हुए गालियां देनी शुरु कर दी। उसका विरोध करते हुए फरियादी ने कहा कि इस संबध में वह उससे बात करें जिसकी यह जमीन है। इस पर उनके बीच झगड़ा और बढ़ गया और गुस्साये गुलाब ने अपने साथियो के साथ मिलकर रामनिवास के साथ जमकर मारपीट कर दी और उसके भागने पर गोली चला दी। हॉस्पिटल में भर्ती घायल की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओ में मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जॉच और मेडिकल रिर्पोट के आधार पर प्रकरण में अन्य धाराओ का इजाफा किया जायेगा।

## भोपाल में कोचिंग सेंटर में मौसेरी बहनों से दुष्कर्म, एक्स्ट्रा क्लास में बुलाकर संचालक करता था अश्लील हरकतें

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के छोला मंदिर थाना क्षेत्र में संचालित एक कोचिंग सेंटर में दो छात्राओं से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। कोचिंग संचालक वीरेंद्र त्रिपाठी दोनों छात्राओं को बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देकर पिछले आठ महीने से वारदात को अंजाम दे रहा था।

दोनों छात्राएं मौसेरी बहनें हैं। आरोपित एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर दोनों को अलग-अलग समय पर कोचिंग बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि कहीं उसने कुछ और छात्राओं को तो अपना शिकार नहीं बनाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

छोला मंदिर थाना पुलिस के अनुसार क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी कक्षा आठवीं की छात्रा है जबकि उसकी मौसी की 20 वर्षीय बेटी 12वीं में पढ़ती है। दोनों कालोनी में वीरेंद्र त्रिपाठी के कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती थीं। 16 अप्रैल को आठवीं की छात्रा कोचिंग में अकेली थी, तभी वीरेंद्र ने डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

उसके बाद से वह लगातार पीड़िता को अपनी हवस का शिकार बना रहा था। पीड़िता ने परेशान होकर इसकी जानकारी उसकी बड़ी बहन को दी। वह 10 अक्टूबर को विरोध जताने छोटी बहन के साथ कोचिंग पहुंच गई। आरोपित ने दोनों बहनों को बंधक बना लिया। धमकाया कि उसने दोनों के फोटो खींच रखे हैं। किसी को कुछ बताया तो बदनाम कर देगा।

इसके बाद उसने बड़ी बहन के साथ भी दुष्कर्म किया। करीब दो महीने तक वह डरा-धमकाकर दोनों का शारीरिक शोषण करता रहा। उसकी करतूतों से परेशान होकर दोनों बहनों ने पूरी बात स्वजन को बता दी। पुलिस ने दोनों बहनों की शिकायत पर अलग-अलग एफआइआर दर्ज की है।

## महापौर मालती राय ने किया न्यूट्री फेस्ट का शुभारंभ

**विजय मत, भोपाल**

महापौर मालती राय ने न्यूट्री फेस्ट का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राज्य संग्रहालय में आयोजित न्यूट्री फेस्ट के शुभारंभ उपरांत महापौर राय ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन के स्वास्थ्य हेतु पोषक तत्वों का अपना महत्व है। राय ने पोषक तत्वों के संबंध में जानकारी एवं पोष्टिक पदार्थों के प्रदर्शन हेतु न्यूट्री फेस्ट आयोजन को अनुकरणीय पहल बताते हुए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर महापौर राय ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर पोष्टिक पदार्थों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं आयोजक मौजूद थे।



### पत्नी रिल्स बनने के लिए रोज नए कपड़े खरीदती

## मध्य प्रदेश में बढ़े तलाक के मामले मुख्य वजह सोशल मीडिया

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) ने 28 नवंबर को एक पति-पत्नी को आपसी रजामंदी से तलाक दे दिया। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी और दोनों का एक बेटा भी है। लेकिन तलाक की वजह जानकार आप हैरान हो जाएंगें। तलाक की वजह सोशल मीडिया रील्स है। पति को पत्नी का सोशल मीडिया पर रील्स बनाना पसंद नहीं था, लेकिन पत्नी इससे होने वाली कमाई को छोड़ना नहीं चाहती थी। इस वजह से दोनों के बीच में हमेशा तनाव बना रहता था। इस तरह एक पति ने शिकायत की उसकी पत्नी रील में नया दिखने के लिए रोजाना कपड़े खरीदती है, जिससे घर का खर्च बढ़ गया है, तब एक और पति की शिकायत है कि रील के जुनून में पत्नी बच्चे की देखभाल नहीं कर रही है। मुझे भी रील बनाने के लिए तैयार होने के लिए कहती है।



इसतह के कई मामले हैं जिसमें सोशल मीडिया, रील्स, लाइक और फॉलोअर्स की चाहत में पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहे हैं। जो मनमुटाव के साथ-साथ तलाक की वजह भी बन रहे हैं। जानकारों के मुताबिक साल 2024 में मप्र के पांच बड़े शहरों के फैमिली कोर्ट में पति-पत्नी के बीच विवाद के 16 हजार से ज्यादा केस दर्ज हुए हैं। इनमें से 60 फीसदी यानी 9 हजार केस में विवाद की वजह सोशल मीडिया रहा है।

## एम्स भोपाल में विकसित की गई अलग-अलग आकार की नसों को टांका लगाकर जोड़ने की तकनीक

**विजय मत, भोपाल**

अगर किसी मरीज का पैर जल जाता है, उसकी हड्डी तक की मांस काली पड़ जाती है। उस हड्डी को ढकने के लिए शरीर के किसी अन्य हिस्से से मांस लगाया जाता है। मांस जीवित रहे इसलिए खून की नस को भी काटा जाता है। और पैर ही हड्डी पर लगाया जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार अलग-अलग आकार की खून नसें होती है, जो जुड़ने में परेशानी पैदा करती हैं। क्योंकि वह नसें छोटी-बड़ी होती हैं, जो जुड़ने में परेशानी पैदा करती हैं, ऐसे स्थिति से निपटने के लिए एम्स भोपाल के डॉ. गौरव चतुर्वेदी ने नवाचार किया है।

इन्होंने खून की नसों पर टांके लगाने की नई तकनीक विकसित की है, जिसे इंटरप्टेड हॉरिजोंटल माइक्रोमैट्रेस शटरिंग नाम दिया है। इसकी मदद से किसी भी छोटी-बड़ी खून की नसों को आसानी के साथ जोड़ा जा सकेगा। इससे सर्जरी के बाद नसों से खून बहने की समस्या को दूर किया जा सकेगा। दरअसल, प्लास्टिक सर्जरी में शरीर के किसी एक हिस्से से त्वचा और ऊतक लेकर दूसरे हिस्से में लगाने होते हैं।



### अनुसंधान से भोपाल एम्स का मान बढ़ा

यह पुरस्कार एम्स भोपाल की चिकित्सा अनुसंधान में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डॉ. चतुर्वेदी का कार्य न केवल हमारे संस्थान का मान बढ़ाता है बल्कि यह भी दिखाता है कि उन्नत अनुसंधान रोगी की देखभाल को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है।

■ **प्रो. डॉ. अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स भोपाल।**

**खास-खबर** 7 मिनट में 9 कुत्तों को ट्रक से उतारा, रहवासी बोले- बाहर निकलने में भी लगता है डर

## भोपाल निगम की गाड़ी ने हाथीखाना इलाके में छोड़े कुत्ते

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के हाथी खाना इलाके में नगर निगम की गाड़ी दूसरे इलाके से कुत्ते लाकर छोड़ रही है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी से कुत्ते उतारने का एक सीसीटीवी सामने आया है। 7 मिनट के इस सीसीटीवी में ट्रक से 9 से अधिक कुत्तों को उतारा गया। इलाके के लोगों का कहना है कि यह गाड़ी लगातार ऐसा कर रही है। मना करने पर ये डराते-धमकाते हैं। अगर कोई वीडियो बना ले तो उसे डिलीट करा देते हैं।

लगातार हमारे इलाके में निगम की गाड़ी डॉग को छोड़कर चली जाती है। भोईपुरा हाथी खाना से बुधवारा चौराहे तक 200 से 250 कुत्ते होंगे, इनकी इतनी अधिक संख्या यहां के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बाहर निकलने में डर लगता है। हम अपने बच्चों को बाहर नहीं निकलने देते हैं। हालत यह है कि यह डॉग हम लोगों के घरों में भी आ जाते हैं, गाड़ियों के पीछे लपकते हैं। कई बार हमने इसकी शिकायत की, मगर निगम कर्मी इनको रेस्क्यू करने की बजाय, यहां पर छोड़कर चले जाते हैं।



एनिमल एक्टिविस्ट स्वाति गौरव ने बताया कि इस तरह से एक इलाकों से दूसरे इलाकों में डॉग्स को छोड़ना गलत है, क्योंकि इसमें वैक्सीनेट और नॉन वैक्सीनेट डॉग्स एक दूसरे के प्रति आक्रामक हो जाते हैं, इससे जहां एक तरफ इनको एक-दूसरे से खतरा होता है तो दूसरी तरफ इससे डॉग बाइट की आशंका भी बढ़ सकती है।

इस तरह से रहवासी इलाकों में कुत्तों को छोड़ने से वे कॉलोनियों में अंदर घुस जाते हैं, इलाके में पहले से मौजूद डॉग और उनके बीच आक्रामकता भी दिखाई देती है, नतीजतन इंसानों में यह डॉग बाइट भी बढ़ सकती है। यह एबीसी रूल 2023 के नियमों का उल्लंघन है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना ने कहा कि मैंने वीडियो देखा है।जिन डॉग्स को छोड़ा गया है, वह डॉग्स वहीं से उठाए गए हैं। उन्हें वहीं छोड़ दिया गया। नियमानुसार जिस डॉग को जहां से उठाया जाता है वहीं छोड़ा जाता है।

उधर गोविंदपुरा में शनिवार सुबह 5 कुत्तों ने बाइक सवार प्रिंटिंग प्रेस व्यवसायी कृष्ण रंजन शर्मा पर हमला कर दिया। वे बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। शर्मा ने कुत्तों को भगाने के लिए पत्थर मारे तो रितु और नम्रता विश्वकर्मा ने उनसे मारपीट की। इन लड़कियों के पालतू कुत्तों ने शर्मा को कई जगह काटा। गोविंदपुरा पुलिस ने रितु और नम्रता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## सायबर कार्यालय के सामने पार्किंग में खड़ी आरक्षक की बाइक चोरी

**विजय मत, भोपाल**

राजधानी में पुराना सचिवालय स्थित सायबर कार्यालय के सामने पार्किंग में खड़ी एक आरक्षक की बाइक पर ही बेखौफ वाहन चोरो ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार पिपलिय बाजखां थाना सूखी सेवनिया में रहने वाले रवि कुमार महेश्वरी (34) सायबर क्राइम जिला भोपाल में आरक्षक हैं। सुबह करीब 11 बजे उन्होंने अपनी बाइक पुराना सचिवालय स्थित सायबर कार्यालय के सामने पार्किंग में खड़ी की थी। काम के बाद देर शाम घर लौटने के लिये जब वह वापस पार्किंग में पहुंचे तो देखा की उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी तलाश करने पर भी जब बाइक नहीं मिली तब वह कोहेफिजा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया की इसी थाना इलाके के साजिदा नगर करबला रोड पर रहने वाले काशिफ निजी काम करते हैं। गुरुवार रात उन्होंने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो बाइक गायब हो चुकी थी। वहीं ईदगाह हिल्स शाहजहांनाबाद में रहने वाले अक्षय असाटी (21) ने कोहेफिजा पुलिस को बताया कि वह जीएमसी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। गुरुवार रात अपनी बाइक किराए के मकान के सामने खड़ी कर सोने चले गए थे। अगली सुबह उनकी पल्सर बाइक गायब मिली। उधर तलैया निवासी महेंद्र राठौर ने पुलिस को बताया कि वह एनएचडीसी गेस्ट हाउस श्यामला हिल्स में नौकरी करते हैं। इन दिनो उनका बेटा बीमार है, जिसे इलाज के लिये शाजहांनाबाद इलाके में मोतिया तालाब के सामने स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरुवार शाम करीब 7 बजे वह अपनी बाइक अस्पताल के सामने खड़ी कर बेटे के पास चले गए थे। अगली सुबह देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# रिजर्व बैंक की नई मौद्रिक नीति से बैंक डिपॉजिटरों का जोखिम बढ़ा

भारतीय रिजर्व बैंक की नई मौद्रिक नीति ने देश में नई बहस छेड़ दी है। क्या यह नीति देश की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में सहायक होगी, या कॉरपोरेट जगत के बड़े खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाएगी? रिजर्व बैंक ने बैंकों का कैश रिजर्व रेशो 4.5फीसदी से घटाकर 4फीसदी करने का निर्णय किया है। देखने में यह साधारण लगता है, लेकिन इसके गहरे आर्थिक और सामाजिक प्रभाव होंगे। इसका सबसे ज्यादा असर बैंक के उन ग्राहकों पर पड़ेगा, जो बैंक में डिपॉजिट रखते हैं। बैंक में रखा पैसा अब उनके लिए जोखिम बढ़ गया है। सीआरआर वह न्यूनतम राशि है, जिसे बैंकों को अपने पास रखना होता है। किसी आकस्मिक परिस्थिति में जमाकर्ताओं को उनकी धनराशि लौटाई जा सके। इस रेशो को घटाने से बैंकों को 1 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त मिलेंगे जिससे वह ग्राहकों को लोन देने या उनकी जमा राशि वापस देने में इस्तेमाल कर सकेंगे। सवाल यह है कि बैंकों की सुरक्षित राशि में जमा यह पैसा कहां जाएगा? आँकड़ों से स्पष्ट है कि बैंकों का अधिकांश उधार कॉरपोरेट सेक्टर के पास विभिन्न माध्यमों से दिया जाता है। जबकि छोटे लघु उद्योग, छोटे दुकानदारों, कृषि और रिटेल सेक्टर को कॉर्पोरेट के मुकाबले बेहद कम लाभ बैंकों से मिलता है। जनता का पैसा, कॉरपोरेट तक पहुंचाने के लिए रिजर्व बैंक ने यह निर्णय लिया है, यह स्पष्ट रूप से समझ में आता है। मुख्यतः यह निर्णय बड़े उद्योगपतियों के लिए फायदेमंद है। अडानी समूह के ऊपर पहले से ही 2.4 लाख करोड़ रुपये का बैंक कर्ज है, इस छूट का सबसे बड़ा लाभार्थी अडानी समूह हो सकता है। शेयर बाजार को गिरने से रोकने के लिए म्यूचुअल फंड ने हजारों करोड़ों रुपए कॉर्पोरेट के शेयर में निवेश किए हैं। बैंकों का बहुत बड़ा निवेश शेयर बाजार में है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में कॉरपोरेट्स पर कर्ज बढ़ा है। जबकि अन्य वर्ग को बैंक ने बहुत कम पैसा कर्ज के रूप में दिया है। बैंकों में जनता जमा कम कर रही है, बैंकों में जमा डिपॉजिट निकाल रही है।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# ब्याज दरों में अब कमी होनी ही चाहिए

**प्रहलाद सबनानी**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मुद्रा नीति वक्तव्य (मोनेटरी पॉलिसी स्टेट्मेंट) दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जारी किया है। इस मुद्रा नीति वक्तव्य में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे पिछले 22 माह से (अर्थात 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों से) 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में सबसे अधिक समय तक स्थिर रहने वाली रेपो दर है। इस बढ़ी हुई रेपो दर का भारत के आर्थिक विकास पर अब विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक दो माह के अंतराल पर मुद्रा नीति वक्तव्य जारी किया जाता है, परंतु पिछले 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर कुछ समय तक तो लगातार 6 प्रतिशत के सहनीय स्तर से नीचे बनी रही है।

> भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत मुद्रा स्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। इसका आशय यह है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर संभवतः- वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में भी अधिक बनी रह सकती है। इसके पीछे खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से फल एवं सब्जियों) की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, एक मुख्य कारण जिम्मेदार हो सकता है। परंतु, क्या ब्याज दरों में वृद्धि कर खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है? उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर को आंकने में खाद्य पदार्थों का भार लगभग 40 प्रतिशत है। यदि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में से खाद्य पदार्थों के भार को अलग कर दिया जाय तो यह आंकलन बनता है कि कोर पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है।

खाद्य पदार्थों की कीमतों को बाजार में फलों एवं सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है, न कि ब्याज दरों में वृद्धि कर। इस वर्ष मानसून का पूरे देश में विस्तार ठीक तरह से नहीं रहा है, कुछ क्षेत्रों में बारिश की मात्रा अत्यधिक रही है एवं कुछ क्षेत्रों बारिश की मात्रा बहुत कम रही है, जिसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की उत्पादकता पर भी विपरीत रूप से पड़ा है, जिससे अंततः खाद्य पदार्थों की कीमतों में उच्छाल देखा गया है।




बाद के समय में, अच्छे मानसून के पश्चात भारत में आने वाली रबी मौसम की फसल बहुत अच्छी मात्रा में आने की सम्भावना है क्योंकि न केवल फसल के कुल रकबे में वृद्धि दर्ज हुई है बल्कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होने की पर्याप्त सम्भावना है। इन कारकों के चलते आगे आने वाले समय में खाद्य पदार्थों की एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर निश्चित ही नियंत्रण के रहने की सम्भावना है। इससे, निश्चित ही रेपो दर को कम करने की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही, अमेरिका सहित यूरोप के विभिन्न देशों में भी ब्याज दरों को लगातार कम करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसका प्रभाव विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।

दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के कम रहने के कई विशेष कारण रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव के चलते केंद्र सरकार को अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में भारी कमी करना पड़ी थी। इसके बाद विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते इन राज्यों द्वारा किए जाने वाले सामान्य खर्चों में अतुलनीय कमी की गई थी। जिससे अंततः नागरिकों के हाथों में खर्च करने लायक राशि में भारी कमी हो गई। दूसरे, इस वर्ष भारत में मानसून भी अनियंत्रित सा रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित हुआ एवं ग्रामीण इलाकों में नागरिकों की आय में कमी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में अस्थिरता बनी रही, जिसके कारण भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात प्रभावित हुए। इस अवधि में विनिर्माण के क्षेत्र एवं माइनिंग के क्षेत्र में उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। उक्त कारकों के चलते भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत कम रही है। इस द्वितीय तिमाही में विभिन्न कम्पनियों के वित्तीय परिणाम भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इनकी लाभप्रदता में आच्छानुरूप वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। कम्पनियों के वित्तीय परिणाम उत्साहजनक नहीं रहने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से सितम्बर, अक्टोबर एवं नवम्बर माह में 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। जिससे भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी सूचकांक में 3000 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज हुई है, निफ्टी सूचकांक अपने उच्चत्तम स्तर 26,400 से गिरकर 23,200 अंकों तक नीचे आ गया था। हालांकि अब यह पुनः बढ़कर 24,700 अंकों पर आ गया है और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बार पुनः भारतीय शेयर बाजार पर अपना भरोसा जताते हुए अपने निवेश में वृद्धि करना शुरू कर दिया है।

अब देश में कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधान सभा चुनावों एवं लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में वृद्धि की जाएगी। साथ ही, भारत में त्यौहारी मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय नागरिकों के खर्चों में अपार वृद्धि होने की सम्भावना है। त्यौहारी एवं शादियों का मौसम भी नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 माह में प्रारम्भ हो चुका है। एक अनुमान के अनुसार नवम्बर माह में मनाए गए दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर भारतीय नागरिकों ने लगभग 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी 2025 माह (13 जनवरी) में प्रयागराज में कुंभ मेला भी प्रारम्भ होने जा रहा है जो फरवरी 2025 माह (26 फरवरी) तक चलेगा। यह कुम्भ मेला प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार प्रयागराज में लगता है। एक अनुमान के अनुसार इस कुम्भ मेले में प्रतिदिन एक करोड़ नागरिक पहुंच सकते हैं। इससे देश में धार्मिक पर्यटन में भी अपार वृद्धि होगी। उक्त सभी कारणों के चलते, भारत में उपभोक्ता खर्च में भारी भरकम वृद्धि दर्ज होगी जो अंततः सकल घरेलू उत्पाद में पर्याप्त वृद्धि को दर्ज करने के सहायक होगी। साथ ही, अक्टोबर 2024 माह में भारत से विविध उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात में भी बहुत अच्छी वृद्धि दर दर्ज हुई है। इससे अंततः भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर बने रहने की प्रबल सम्भावना बनती नजर आ रही है।

साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी रिजर्व अनुपात में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। इससे 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय रिजर्व बैंक से बैकों को प्राप्त होगी एवं इस राशि से बैंकिंग क्षेत्र में तरलता में सुधार होगा एवं बैंकों की कर्ज देने की क्षमता में भी वृद्धि होगी। अधिक ऋणराशि की उपलब्धता से व्यापार एवं उद्योग की गतिविधियों को बल मिलेगा जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में सहायक होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# युवा पीढ़ी को आज और अभी बचाना जरूरी

**भूपेन्द्र गुप्ता**

बुंदेलखंड अंचल के छतरपुर जिले के एक छोटे से गांव में जहां पर संस्कृति और संस्कार की पकड़ समाज पर गहन होती है। वहां एक छात्र द्वारा अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल को गोली मार देने की घटना देश को हिला देने वाली घटना है। भारत के पिछले 100 साल के ज्ञात इतिहास में संभवतः यह पहली घटना है, जहां पर एक छात्र ने अपने प्रिंसिपल को गोली से भून डाला है। इसी समय मध्य प्रदेश के एक दूसरे गांव गरोठ में भी दलित परिवार द्वारा निर्माण किया जा रहे कार्य को रोकने के लिए एक दबंग ने गोली से महिला मजदूर को भून दिया है। स्कूल के सहपाठी चार नावालिगों ने एक बच्ची से गैंगरेप कर ब्लैकमेल किया और बच्ची ने आत्महत्या कर ली। समाज में इतनी हिंसा, इतनी नफरत, इतनी असहिष्णुता,इतनी वासना कहां से आ रही है? क्या हमारा समाज अपने मूल्यों को बचाने में असफल हो रहा है ?क्या घृणा के दो छोर इतने कठोर हो चुके हैं कि अब शिष्य और गुरु के बीच में भी गोली ही अंतिम उपाय रह गया है। समाज के रूप में अगर हम भारत को देखें तो यह गन कल्चर हमने अमेरिका में तो सुना था जहां पर बच्चे स्कूल के अंदर ताबड़तोड़ गोलियां चला देते हैं। यह हमने पाकिस्तान में भी सुना था लेकिन भारत में इस घटना का होना दर्शाता है कि समाज में जंग लग रही है और हमारा सिस्टम हमारी मूल्यानुगत परंपराएं इस उन्माद का समाधान खोजने में असमर्थ हैं। भारत के गांवों का हम अध्ययन करें तो पाते हैं कि विगत 10 वर्षों में गली कूचों और देहातों में जिन गरीब बस्तियों में ना तो नियमित रोजगार है न ही अतिरिक्त आमदनी , वहां भी आधा गांव नशे में डूबा है। नशीले पदार्थों का सेवन,धर्म,और जाति का नशा और इसकी फंडिंग राज्य को तो असफल कर ही रही है ,समाज के रूप में भी हमें असफल कर रही है। हम 10 वर्ष पहले यह दम भरने वाले राष्ट्र थे कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारी 50 फीसदी आबादी युवा है और हम दुनिया को नेतृत्व देने की क्षमता रखते हैं। हमारे इन दावों को तीन तरह से दुनिया के शैतानों ने तोड़ दिया है। एक- इन नौजवानों के हाथ में काम मत जाने दो उनकी जवानी नौकरी रोजगार खोजते खोजते ही समाप्त हो जाए। दो- शिक्षा पर हमला करो ताकि योग्यता और युवावस्था का सामंजस्य ना रहे।


**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# डीप स्टेट पड़ोसी मुल्कों में सफ़ल मगर अमेरिका में नाकाम!क्या अब भारत पर बुरी नजर?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर तेज़ी से बढ़ते भारत के कद प्रतिष्ठा रुतबे मान सम्मान से पूरी दुनियाँ हैरान है, क्योंकि भारत का रणनीतिक लक्ष्य विज़न 2047 के रोडमैप उम्मीद से कई गुना अधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है तो स्वाभाविक है, इसकी गूंज पूरे विश्व में होगी, साफ तौर पर अगर 4 सज्जन होंगे तो 24 दुश्मन भी पैदा होते हैं,जो भारत की दिशा को अपने अनुसार बढ़ाना या रोकना या अपना पावर सृजित करते हैं, इस क्रिया को डीप स्टेट की संज्ञा दी गई है, इसे ऐसे समूह के रूप में देखा जाता है जो गोपनीय तरीके से अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए बिना लोकतांत्रिक रूप से चुने ही देश पर राज करने की कोशिश करते हैं या अपने तरीके, मनमर्जी से सत्ता को चलना चाहते हैं। पिछले तीन संसादिय सत्रों से हम लगातार देख रहे हैं कि संसद के सत्र नहीं चल रहे हैं विधेयक ध्वनि मत से पारित हो रहे हैं, जो पूरा विश्व देख रहा है, जिसका कनेक्शन डीप स्टेट से जोड़ा जा रहा है। दिनांक 5 दिसंबर 2024 को राज्यसभा की लाइव चल रही कार्यवाही में माननीय सभापति महोदय ने पहली बार डीप स्टेट शब्द का उल्लेख किया है।सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता राज्यसभा सदस्य ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार रखे जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे पड़ोसी मुल्क अफगानिस्तान नेपाल पाकिस्तान श्रीलंका बांग्लादेश का हाल हमने देखे क्या अब डीप स्टेट की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत पर बुरी नजर की संभावना है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत का तेजी से विकास हैट्रिक स्थाई सरकार से नकारात्मक सोच वाले समूह जिसमें भारत विरोधी अमेरिकी उद्योगपति भी शामिल है, 3 वर्षों से संसद सत्र अवधि केआसपास विदेश की रिपोर्ट पर हंगामा क्या सिर्फ सयोंग है?

साथियों बात अगर हम भारत में डीप स्टेट की संभावना की करें तो, दुनियाँ के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा भारत डीप स्टेट के निशाने पर है, भारत में अपने एजेंटों की मदद से डीप स्टेट देश विरोधी हरकतों कोसमय-समय पर हवा देता रहता है।डीप स्टेट भारत में हजारों एनजीओ को भी घूमा-फिराकर वित्त पोषित करता है ताकि राजनितिक गतिरोध और प्रशासनिक अस्थिरता का माहौल बनाए रखा जा सके हालांकि, भारत में डीप स्टेट की सक्रियता और असर को लेकर कोई पुख्ता् सबूत सामने नहीं आए हैं, लेकिन राजनीतिक गतिरोधों केदौरान अक्संर यह बहस का हिस्साभ बनता रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अधिकारियों



को पश्चिमी ताकतों और डीप स्टेट की भारत को अस्थिर करने की साजिशों के बारे में आगाह किया जा चुका है। भारत इन ताकतों की आंखों की किरकिरी बनता जा रहा है, क्योंकि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से दुनिया के कई देश और कारोबारी परेशान हैं। साल 2019 में भारत का शेयर बाजार सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 77 प्रतिशत था जो 2023-24 में बढ़कर 124 प्रतिशत हो गया है, इसके अलावा वैश्विक बाजार में डॉलर के इस्तेमाल को कम करने के बीच भारतीय रुपये का प्रचलन बढ़ रहा है। इसके अलावा, भारत की विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता (स्ट्रैटिजिक अटॉनमी) की मजबूत परंपरा को फिर से तरजीह दी जा रही है. इसलिए, भारतीय कारोबारी उद्योगपति के साथ ही सेबी जैसी बाजार नियामक संस्था पर हमला कर एलआईसी, एसबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे बैंकों जैसे प्रमुख सरकारी संस्थानों में दहशत फैला दी गई थी, उन ताकतों का मानना था कि भारतीय बाजार में उथल-पुथल का सीधा असर लाखों मध्यवर्गीय लोगों और निवेशकों पर पड़ेगा और अफातफरी मच सकती है, हालांकि, ऐसा नहीं हो सका और भारतीय बाजार ने इस रोलर कोस्टर को आसानी से पार कर लिया था।

साथियों बात अगर हम लगातार पिछले तीन वर्षों से बाधित होने के दिनांक 5 दिसंबर 2024 को उच्च सदन के सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों द्वारा सवाल उठाने की करें तो, भाजपा सांसद ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से ये क्या संयोग है?, जब भारत की संसद का सत्र चलता है, तभी ये रिपोर्ट्स आती हैं।पूर्व में भारत के किसानों को लेकर रिपोर्ट सामने आई, तब भी संसद सत्र चल रहा था और इसी तरह पेगासस और हिंडनबर्ग रिपोर्ट भी लगभग उसी समय सामने आईं, जब भारत की संसद का सत्र या तो चल रहा था या शुरू होने वाला था। अब बजट सत्र शुरू होने से पहले भारत के उद्योगों के बारे में अमेरिकी अटॉर्नी की रिपोर्ट आती है। क्या ये महज संयोग है या फिर ये किसी साजिश का हिस्सा है। विगत लोकसभा चुनाव में रूस की सरकार ने भी साफ कहा था कि भारत के चुनाव में हस्तक्षेप की कोशिश हो रही है। ये पहली बार हुआ, जब किसी सरकार ने देश के चुनाव में हस्तक्षेप की बात कही। हिंडनबर्ग की भ्रामक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने ने कहा कि 22 जुलाई से 09 अगस्त के बीच संसद का मानसून सत्र हुआ और 10 अगस्त को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई। वहीं 25 नवंबर से वर्तमान सत्र शुरू हुआ और 20 नवंबर को एक अमेरिकी कोर्ट में अटार्नी की रिपोर्ट जारी हुई। क्या यह एक महज संयोग है?भाजपा सदस्य ने कहा कि 20 जुलाई, 2023 को संसद सत्र की शुरुआत होने वाली थी और 19 जुलाई को मणिपुर का वीडियो सामने आया था। क्या यह सब महज एक संयोग था?।उन्होंने एक के बाद कई रिपोर्टों का जिक्र करते हुए इसे भारत को अस्थिर करने की साजिश बताया। उच्च सदन में उनके भाषण के दौरान विपक्ष के कुछ सदस्यों ने इस बात पर एतराज जताया किशून्यकाल में 3 मिनट से अधिक नहीं बोलने का प्रावधान होने के बावजूद वह अपनी बात रखे जा रहे हैं,इसपर राज्यसभा के सभापति ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है और इस पर हर किसी के विचार आने चाहिए,उन्होंने कहा, पूरे सदन को एकजुट रहना चाहिए अगर ऐसा कोई ट्रेंड है, ऐसी कोई पहल है,जो खतरनाक है,जो हमारी संप्रभुता के लिए खतरा है।इसके साथ ही उन्होंने सदस्य को अपनी बात पूरी करने की इजाजत दी।सभापति की अनुमति के बाद विपक्षी सदस्यों के तेज होते हंगामे के बीच सदस्य ने आगे कहा, विशेष कर पिछले तीन सालों में जब से विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है, विदेश की ऐसी बहुत सी गतिविधियां हैं, जो भारत की व्यवस्था के आर्थिक, नैतिक और सामाजिक पक्ष पर हमला कर रही हैंउन्होंने ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंगप्रोजेक्ट की एक ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसे विदेशी सरकारों की फंडिंग है और इसके केंद्र में भारत भी है,इसके बारे में दावा किया जा रहा है कि इस रिपोर्ट से विवादित अमेरिकी कारोबारी जार्ज सोरोस का भी संबंध भी बहुत गहरा है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8212

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | 11 | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

### शब्द पहेली -8211 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | क | ■ | जि | रा | फ | ■ | ब | ला |
| ज | ■ | बे | ब | स | ■ | स | हा | रा |
| ■ | प | ना | ह | ■ | क | री | ना | ■ |
| क | र | म | ■ | दा | स | ता | ■ | वि |
| ले | ख | ■ | का | म | ना | ■ | दु | ना |
| जा | ■ | व | ज | न | ■ | प | ला | श |
| ■ | म | ह | ल | ■ | प | ह | रा | ■ |
| स | न | म | ■ | न | ह | र | ■ | जा |
| जा | न | ■ | ह | म | ला | ■ | शा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6997

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6996 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### बी.एस.जामोद रहेंगे शहडोल कमिश्नर के अतिरिक्त प्रभार पर

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता 15 दिसंबर 2024 तक अर्जित अवकाश पर मुख्यालय से बाहर हैं।कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता के अवकाश अवधि में संवेदनशील कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस.जामोद शहडोल संभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### दुर्घटना में घायल जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे अधिवक्ता चतुर्वेदी

शहडोल। राकेश चतुर्वेदी अधिवक्ता, नागपुर के एक अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं,एक सड़क दुर्घटना ने न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर चोट पहुंचाई है, बल्कि उनके परिवार और जीवन के सपनों पर भी संकट ला खड़ा किया है। हमारे समाज में वकीलों को प्रायः आर्थिक रूप से सक्षम और प्रतिष्ठित माना जाता है। लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल भिन्न है, छोटे कस्बों और शहरों में काम करने वाले अधिकांश अधिवक्ता, विशेषकर युवा वकील, आर्थिक रूप से संघर्षरत होते हैं, हर केस उनकी आजीविका का साधन होता है, और ऐसे में किसी आकस्मिक घटना, जैसे दुर्घटना या बीमारी, से उबरने का कोई सुरक्षा कवच उनके पास नहीं होता। राकेश जी की हालत हमें इस कड़वी सच्चाई का सामना कराती है, उनके इलाज के लिए भारी खर्च की आवश्यकता है, लेकिन न तो बार एसोसिएशन और न ही राज्य अधिवक्ता परिषद से कोई तत्काल आर्थिक सहायता अब तक उपलब्ध हो सकी है, यह स्थिति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि इस बात की ओर भी इशारा करती है कि अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए हमारी व्यवस्थाएं कितनी कमजोर हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप तिवारी ने कहा है कि तुच्छ रूप मे ही राज्य अधिवक्ता कल्याण निधि जैसी योजनाएं मौजूद हैं, लेकिन इनका लाभ उठाने की प्रक्रिया इतनी जटिल और धीमी है कि आपातकालीन स्थिति में यह बेअसर साबित है। राकेश जी जैसे अधिवक्ताओं की स्थिति पर ध्यान न देना, केवल एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं है; यह पूरे वकालत समुदाय की असुरक्षा को दर्शाता है। राकेश चतुर्वेदी अधिवक्ता के साथ घटी घटना हमारी संवेदनाओं को झकझोरती है, सवाल यह है कि क्या हम, एक समाज और एक व्यवस्था के रूप में, उनके संघर्ष को अनदेखा करते रहेंगे, क्या न्याय के लिए लड़ने वाले योद्धाओं के लिए कोई न्याय होगा............? यह घटना केवल एक हादसा नहीं है, यह हमें आत्ममंथन का मौका देती है, यदि अब भी हम नहीं जागे, तो आर्थिक रूप से कमजोर वकीलों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा।



### अमलाई पुलिस ने 7 टन अवैध कोयला किया जप्त

शहडोल। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बटुरा अमलाई सोन नदी के किनारे अवैध रूप से गढढे से कोयला निकालकर इकटठा किये हैं। मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अमलाई पुलिस स्टाफ द्वारा तत्काल बताये स्थान पहुंचे गढढे में करीब 07 टन कोयला कीमती करीब 22,000 रूपये एकत्रित पाया गया। मौके पर कोई व्यक्ति नही पाया गया। उक्त कोयला को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखाया गया।

# हर्बल जोन के रूप में विकसित किया जा सकता है अमरकंटक

## गंभीर से गंभीर बीमारियों की औषधीय पौधे पाए जाते हैं मैकल पर्वत के जंगलों में , पंतजली एवं डाबर कंपनी लगा सकती हैं आयुर्वेद दवाईयों का उद्योग

**विजय मत, शहडोल।**

उज्जैन रीवा एवं नर्मदा पुरम के इन्वेस्टर्स कांक्लेव में मिली सफलता के बाद प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की नजर अब शहडोल में आयोजित होने वाले रीजनल इन्वेस्टर्स कांक्लेव की तरफ लग गई है और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शहडोल जिला प्रशासन की तैयारी की गति रफ्तार पकड़ रही है। इस बीच विजय मत टीम द्वारा लगातार विशेषज्ञों से बातचीत करके शहडोल संभाग में संभावित उद्योगों के बारे में पाठकों को जानकारी खबरों के रूप में दी जा रही है। इस अंक में हम अमरकंटक के जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां एवं गंभीर से गंभीर बीमारी को दूर करने वाले औषधि पौधों के बारे में जानकारी दे रहे है। जानकारों का कहना है कि अमरकंटक क्षेत्र को हर्बल जोन के रूप में विकसित किया जा सकता है।

### अमरकंटक में है रामबाण औषधि

अमरकंटक के जंगलों में औषधि पौधों का भंडार है अर्थात गंभीर से गंभीर बीमारियों के लिए अमरकंटक के जंगल रामबाण औषधि के रूप में जाने जाते हैं। इसे धनवंतरी क्षेत्र या चरक क्षेत्र भी कहा जा सकता है। औषधि पौधों के लिए नर्मदा तट का वातावरण की दृष्टि से अनुकूल है। औषधि पौधों को लगाने के लिए पौधा रोपण का बड़ा काम यहां किया जा सकता है और इसे संरक्षित किया जा सकता है।

### पतंजलि या डाबर जैसी कंपनी बड़े उद्योग खोल सकती है

अमरकंटक क्षेत्र के जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां एवं औषधि पौधे प्रचुर मात्रा में है इसलिए पतंजलि एवं डाबर जैसी कंपनियां आयुर्वेद की दवाइयां निर्माण करने के लिए बड़े-बड़े उद्योग लगा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ शहडोल संभाग के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और विकास के क्षेत्र में शहडोल संभाग आगे बढ़ जाएगा।






**रीजनल इन्वेस्टर्स कांन्क्लेव शहडोल**



### मोटे अनाज से संबंधित उद्योग की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार शहडोल में रीजनल इन्वेस्टर कांक्लेव की तैयारी तेजी से की जा रही हैं इस बीच विजय मत द्वारा विभिन्न अधिकारियों एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों से लगातार बातचीत की जा रही है और निरंतर खबरें प्रकाशित की जा रही है। शहडोल संभाग में कोदो कुटकी का 41000 मेट्रिक टन उत्पादन हो रहा है और यह पूरा मोटा अनाज महाराष्ट्र के नागपुर चला जाता है जहां प्रोसेसिंग एवं पैकिंग करके मार्केट में बेचा जाता है। यह प्रोसेसिंग यूनिट का उद्योग कम पूंजी में शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर में भी लगाया जा सकता है यदि ऐसा हुआ तो किसानों को भी बेहतर दाम मिलने की संभावना है। शहडोल संभाग के अलावा सीधी सिंगरौली एवं डिंडोरी जिलों में भी कोदो कुटकी जैसे मोटे अनाज का प्रचुर मात्रा में उत्पादन होता है इसलिए शहडोल के आसपास के जिलों से भी इस उद्योग के लिए कच्चा माल आ सकता है।

### लगभग 2 लाख किसान करते हैं मोटे अनाज की पैदावार

कृषि विभाग के संयुक्त संचालक जेएस पेंद्राम के मुताबिक शहडोल संभाग में 45000 हेक्टेयर कैसे भूमि है जिम 439000 किसान खेती करते हैं और इनमें से लगभग आधे किसान कोदो कुटकी की पैदावार करते हैं। यहां के किसान छोटे-छोटे रकवा में कोदो कुटकी की खेती करते हैं।

### पशु आहार उद्योग की संभावना

शहडोल संभाग के तीनों जिलों में 76000 मेट्रिक टन मक्का का उत्पादन होता है और इसी मक्के से पशु एवं को कुक्कुट बनाया जाता है इसलिए शहडोल संभाग में पशु एवं को कुठार का उद्योग लगाए जाने की संभावना प्रबल है यदि ऐसा हुआ तो बाहर से जो पशु एवं को कुक्कुट मनाया जाता है इसका उत्पादन शहडोल में ही होने लगेगा ऐसी स्थिति में मक्का की खेती करने वाले किसानों को भी आर्थिक की लाभ मिल सकता है।

### मुनगा पत्ती पाउडर का उद्योग

शहडोल संभाग में मुनगा पत्ती प्रचुर मात्रा में होता है और इस मंगा पट्टी में दूध में पाए जाने वाले तत्व उपलब्ध है इसलिए विदेश में इस पट्टी का पाउडर बनाकर लोग सेवन करते हैं। कुपोषण एनीमिया एवं सिकल सेल जैसी बीमारियों को इस पट्टी के पाउडर से एवं पौधों कुटकी की सेवन से भगाया जा सकता है।

### कटहल का चिप्स और आटा

शहडोल संभाग में कटहल का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है इस कटहल से चिप्स और आटा बनाकर देश-विदेश में भेजा जा सकता है कटहल के इस प्रोडक्ट से शुगर की बीमारी दूर होती है इसलिए कटहल के चिप्स और आता बनाने के लिए शहडोल उमरिया अनूपपुर में उद्योग लगाए जा सकते हैं। वर्तमान में कटहल बड़ी मात्रा में महाराष्ट्र के नागपुर शहर में भेजा जा रहा है, जहां इसका चिप्स और आटा बनाकर मार्केट में विक्रय किया जाता है।

# शहर के व्यस्ततम, संवेदनशील इलाके में पुलिस निगरानी के दावों की खुल रही कलई

## शहर में तीसरी आंख पर डाला पर्दा, इससे शोहदो की पहचान करना मुश्किल

**विजय मत, शहडोल।**

शहर में दर्जनों चोरियां हो चुकी हैं, कई मामलों में चोर निजी सीसीटीवी कैमरों में तक कैद हो गए, लेकिन वे महीनों बाद भी गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं शोहदों-अराजक तत्वों का उत्पात वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या बना हुआ है। इसी बीच अब शहर के व्यस्ततम, संवेदनशील इलाके में तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों पर पर्दा डालने की बात भी सामने आई है। यह नजारा सुनका चौराहा पर देखा जा सकता है। यहां खंबे पर लगे पुलिस कंट्रोल रूम से कनेक्टेड एक सीसीटीवी कैमरे को अप्रत्याशित रूप से कपड़े ने ढंक रखा है वहीं दूसरे कैमरे की वायरिंग तक निकाल दी गई है। इस पर लोग चुटकियां लेने से नहीं चूक रहे हैं कि शायद ऐसा करने के पीछे वजह ये हो कि शोहदों, तत्वों के चेहरे न पहचाने जा सकें

### गुजरते गए साल बिगड़ती गई व्यवस्थाएं, कैमरे औचित्यहीन

सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम को लगे हुए अभी महज 4-5 साल ही हुए हैं, लेकिन गुजरते सालों के साथ इनकी व्यवस्थाएं बिगड़ती गई है। बीते साल के दौरान चोरी की घटना में इसका खुलासा भी हुआ था। रात के समय चोरी गई बाइक की जानकारी जुटाने सैसीटीवी कैमरे चेक किए तो करीब 6-8 कैमरे खराब होने से बंद मिले थे। वहीं कई कमरे की पिक्चर क्वालिटी काफी घटिया होने से पहचान मुश्किल थी।

### कई बार फुटेज नहीं मिलती



आमजनों की सेवा के लिए पुलिस बल को हाईटेक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इनमें एक सुविधा पुलिस कंट्रोल रूम में स्थित सीसीटीवी कैमरों से शहर की गतिविधियों पर निगरानी भी शामिल है। बड़ी लागत लगाकर जिला मुख्यालय पर शहर के विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर महंगे कैमरे स्थापित किए गए हैं। इनमें से कैमरे बंद होने के बाद सुधार को लेकर ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसके चलते कई बार घटनाक्रम होने पर सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं हो पाते हैं।

### खुफिया निगरानी बनी दिखावा

जिला मुख्यालय पर शहर में हर चौराहे पर 2019 से सीसीटीवी कैमरे लगाकर शहर की खुफिया निगरानी शुरू की गई थी। अब यह सिस्टम महज दिखावा ही बना हुआ है। चौराहों और प्रमुख स्थलों पर जो कैमरे लगाए गए हैं वे चौबीसों घंटे शहर की निगरानी करने में सक्षम हैं। कई बड़े अपराधों का खुलासा करने में इनसे मदद मिल सकती है। इस ओर गंभीरता से अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### यह बनाया गया था नगर में सिस्टम

- सिस्टम का नाम सीसीटीवी सर्विलांस जनवरी 2019 में शुरू हुई सीसीटीवी से शहर की निगरानी
- शहर में 30 लोकेशन पर लगाए गए हैं कैमरे
- चौराहों पर लगाए गए है 4 फिक्स और एक मूविंग कैमरा
- मूविंग कैमरा 360 डिग्री पर घूमकर करता है निगरानी

### - मूविंग कैमरा की विजन रेंज 2 किमी

- इससे जमीन पर पड़े नोट को भी जूम कर देखा जा सकता है
- 8 जगहों पर लगाए गए 34 एएनपीआर कैमरे
- एएनपीआर कैमरे वाहन की नंबर प्लेट पढ़ने में सहायक
- सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का कंट्रोल रूम
- यहां एक साथ कई एलसीडी स्क्रीन से रखी जाती है शहर की हर गतिविधि पर नजर

### अच्छे पिक्सल के कैमरे लगाए

पुलिस सूत्रों का कहना है कि बहुत अच्छे पिक्सल वाले कैमरे स्थापित किए गए हैं। वहीं इसमें ट्रेकिंग सिस्टम का भी उपयोग हो सकता है। शहर की सड़कों पर हो रही गतिविधियों की निगरानी में इसका बेहतर उपयोग हो सकता है। ओवर स्पीड वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए भी इसका महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।



### पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा कोर्ट मोहर्रिर की बैठक

शहडोल। पुलिस अधीक्षक रविवार को पुराना पुलिस कंट्रोल रूम में सभी न्यायालय के कोर्ट मोहर्रिर, सभी थानों के चालान मुंशी एवं समन वारंट मददगार की बैठक ली गई। बैठक में रजिस्टर के संधारण, वारंट तामिली में आ रही समस्याओं को जाना और उचित दिशा-निर्देश दिये। इस बैठक में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सूचीबद्ध प्रकरणों के समन वारंट के तामीली की समीक्षा, चिन्हित अपराध और ऐसे प्रकरण जिसमें आरोपी जेल में बंद है उनसे संबंधित समन वारंट तामीली की समीक्षा की गई। संबंधित कोर्ट मोहर्रिरों द्वारा ऐसे प्रकरणों की न्यायालय में साक्षियों के न आने की समस्या विशेष रूप से सेवानिवृत हो चुके और स्थानांतरण पर चले गए साक्षियों के विषय में जानकारी दी गई।

**विवाद**

## रेत कारोबारी से हुए विवाद में कई राउण्ड चली गोलियां, कौन है जिम्मेदार

# कमीशन को लेकर नपाध्यक्ष ने किया विवाद

**विजय मत, शहडोल/ ब्योहारी।**

रेत की काली कमाई का मजा जिसने भी चखा वो उसे छोड़ने के लिये तैयार ही नहीं है। रेत के व्यापार की प्रतिस्पर्धा इस कदर बढ़ी की लोग पैसे के लिये लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गये है। ऐसा ही नजारा शनिवार को देखने को मिला विवाद पोड़ी खदान से शुरू हुआ और बाणसागर पार कैंथहा जिला मैहर तक ज़ा पंहुचा। सूत्रों की माने तो रेत लोडकर आने वाले हाइवा को पोड़ी खदान के पास सहकार कम्पनी के कार्यकर्ताओ द्वारा एक हाइवा से रेत खाली करा लिया गया।जानकारी लगने पर ब्योहारी नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता,शिब्बू सिंह अशोक सिंह एवं राणा द्वारा कुछ लोगों को साथ मे लेकर सहकार ग्लोबल कम्पनी के पोड़ी खदान को बंद कराते हुए सहकार ग्लोबल कम्पनी के पोड़ी स्थित कार्यालय मे पंहुच कर कुछ कर्मचारियों से विवाद किया गया। उसके बाद विवाद वही शांत नहीं हुआ वहां से विवाद थाना ब्योहारी तक ज़ा पंहुचा जहां शांम 6 बजे के लगभग थाना के सामने काफी गर्म- गर्मी का महौल देखने को मिला। बताया ज़ा रहा है कि एक हाइवा जिसकी टी.पी. मे अंकित समय अवधि समाप्त हो गयी थीं जिसकी अगुआई नगर परिषद अध्यक्ष ब्योहारी व उनके सहयोगियो द्वारा 5 - 6 गाड़ियों मे सवार हो कर उसे निकलवाने का कार्य किया ज़ा रहा था। खबर है कि देवलौद पुलिया के पहले सहकार ग्लोबल के चेक पोस्ट मे टी.पी.चेकिंग के दौरान उसके कर्मचारी से मारपीट की गयी। जानकारो की माने तो कैंथहा ढाबा के पास हाइवा द्वारा टायर का पंचर बनवाया ज़ा रहा था।तभी दो पक्षों मे विवाद हुआ और विवाद लात घूसा तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि कई राउंड फायरिंग भी किया जाना बताया ज़ा रहा है।फायरिंग मे गनीमत रही की कोई हताहत नहीं हुआ।विवाद में नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता,विकास सिंह रेउसा, अशोक सिंह कुंआ एवं सरपंच संघ जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह शिब्बू सहित दो दर्जन लोग सामिल रहे। विवाद के दौरान कुछ गाडियों के कांच टूटने की भी खबर है।खबर यह भी है कि उक्त विवाद मे राजन गुप्ता सहित उसके दो गुर्गों को भी चोट आयी है।घटना रात 2 बजे की बतायी ज़ा रही है।उक्त बात की रिपोर्ट कल न तो थाना देवलौद मे लिखी गयी और न ही मर्यादपुर चौकी मे दर्ज हुई है।सुबह नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता अपने दलबल के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने रामनगर थाना जाने की खबर है।





जानकार सूत्रों की मानें तो यह विवाद रेत खदान में अपना कमीशन सेट करने को लेकर हो रहा है।कुछ दिन पूर्व राजन गुप्ता रेत खदान को लेकर नगरीय क्षेत्र के पोड़ी तिराहे पर टेंट लगा अनशन शुरू किया था। लेकिन कुछ नहीं होने के बाद यह विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जिसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है।

# पुलिस ने किया रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त



**शहडोल।** शहडोल जिले की केशवाही थाना पुलिस ने रेत का अवैध खनन और परिवहन करते हुए एक बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया है। ट्रैक्टर से कठना नदी से अवैध खनन कर रेत का परिवहन किया जा रहा था। पकरिया गांव में पुलिस ने अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ा। मामले में पुलिस ने चालक और मालिक दोनों को आरोपी बनाया है। चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर महिंद्रा कंपनी का है, जिसमें नंबर अंकित नहीं था। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। चालक पारस केवट पिता मिठाईलाल केवट (उम्र 24 वर्ष) और वाहन मालिक विष्णुकांत शुक्ला पिता शंकरदयाल शुक्ला पर खनिज अधिनियम और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चालक ने बताया कि वह कठना नदी से अवैध रेत भरकर नगर में बिक्री के लिए जा रहा था। यह काम वाहन मालिक के कहने पर किया जा रहा था। कार्रवाई में चौकी प्रभारी आशीष झारिया के साथ प्रधान आरक्षक महेश पटेल, आरक्षक गणेश और नगर रक्षा समिति के मोहम्मद सैफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिले में रेत माफिया का आतंक

जिले में रेत का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक रेत माफियाओं ने दो सरकारी कर्मचारियों की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी है। इसके बावजूद, जिले में माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन और परिवहन जारी रखे हुए हैं। रेत के अवैध खनन और परिवहन को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनती रहती है। ठेका कर्मचारियों पर हमले और मारपीट की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। हाल ही में भी ऐसी एक घटना पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

# कैसे मिले मरीजों को इलाज, जब एसडीएम के निरीक्षण में ही ड्यूटी से गायब मिले चिकित्सक और पंजी में दर्ज रही उपस्थिति

### जिपं सीइओ ने बुलाई बैठक, समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं रहने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की दी चेतावनी

**विजय मत, अनूपपुर।**

धरती के भगवान माने जाने वाले चिकित्सकों की मनमानी में अब जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेपटरी होती नजर आ रही है। समय पर चिकित्सकों की उपस्थिति नहीं होने से जहां मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं दूर दराज से आने वाले मरीजों को आर्थिक नुकसान भी सहना पड़ता है। लेकिन अस्पताल के जिम्मेदारों को इनसे जैसे कोई सरोकार ही नहीं। हालांकि शनिवार की सुबह प्रशासकीय स्तर पर औचक निरीक्षण में जिला अस्पताल पहुंचे अनूपपुर एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर के आंखों के सामने अस्पताल की अव्यवस्थाएं सामने आ गई। जानकारों की मानें तो यहां यहां चिकित्सकों की उपस्थिति रजिस्टरों में अग्रिम तिथियों में बुक हो रही है। मतलब समय से पहले उनके हस्ताक्षर उपस्थिति पंजीयक में दर्ज हो रहे हैं। जबकि उपस्थिति के साथ ऑन टाइम ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित होने वाले चिकित्सकों के हस्ताक्षर उन तिथियों में दर्ज हो रहा है। यानी ड्यूटी करें या ना करें उनकी उपस्थिति प्रतिदिन बन रही है। उपस्थिति की स्थिति देखकर एसडीएम के पैरे तले जमीन ही मानों खिसक आई हो। एसडीएम द्वारा कलेक्टर को दिए गए रिपोर्ट पर तत्काल ही कलेक्टर के निर्देशन में जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिला अस्पताल सिविल सर्जन व प्रभारी सीएमएचओ डॉ एसबी अवधिया सहित चिकित्सक अधिकारियों की बैठक बुलाते हुए अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। साथ ही जिंप सीइओ ने जिला अस्पताल सिविल सर्जन व प्रभारी सीएमएचओ को दो टूक शब्दों में समय पर चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य होने की चेतावनी दे डाली। यहीं नहीं जिपं सीइओ ने कहा समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं रहने वाले चिकित्सकों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं के सुधार के निर्देश दिए।




#### रजिस्टर में उपस्थित, ड्यूटी से गायब मिले चिकित्सक

दरअसल शनिवार 7 दिसम्बर की सुबह 11.34 बजे अनूपपुर एसडीएम जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे, जहां ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति के साथ मरीजों की कतार व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही रजिस्टर में भी गंभीर लापरवाही पाई। एसडीएम अनूपपुर महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि ओपीडी वार्ड निरीक्षण में चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी भी जांच की गई थी, जिसमें कुछ लापरवाहियां सामने आई, रजिस्टर में ड्यूटी ऑवर में कुछ चिकित्सक अनुपस्थित तो कुछ उपस्थित मिले। वहीं अस्पताल के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार एसडीएम द्वारा उपस्थिति पंजी में सबसे बड़ी लापरवाही यह पाई गई कि कुछ चिकित्सक ने अग्रिम दिवस की तिथि के कॉलम में भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई हुई थी। जबकि शनिवार को जो चिकित्सक अनुपस्थित थे उनके नामों के आगे उपस्थिति का साइन पाया गया था। यह आश्चर्य की बात है कि जिस उपस्थिति पंजीयक में सिविल सर्जन से लेकर अस्पताल के वशिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति दर्ज होती हो,वहां भला कोई चिकित्सक कैसे लापरवाही करते हुए अपनी उपस्थिति अग्रिम तिथियों में दर्ज करा देगा। वहीं निरीक्षण दिवस भी जिन चिकित्सकों की अनुपस्थिति पाई गई थी, उनकी उपस्थिति कैसे हो गई। क्या अस्पताल प्रबंधक से लेकर सिविल सर्जन अधिकारी ने रजिस्टरों की रोजाना जांच पड़ताल नहीं करते?। क्या? यहां भी सब भगवान भरोसे ही चल रहा है।

#### प्रबंधन नहीं करती व्यवस्थाओं की औचक जांच

अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति को लेकर पूर्व में शासन-प्रशासन स्तर पर कई तरीके अपनाए गए, थम इम्प्रेशन मशीन, प्रत्येक दिवस विभागीय अधिकारियों से अस्पताल का निरीक्षण के अलावा रजिस्टर में ड्यूटी ऑवर की इन और आउट समय के साथ हस्ताक्षर अनिवार्य किए गए। यहां तक की वार्डो में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, आदेशों से रूबरू भी कराया गया, बावजूद जिला अस्पताल अनूपपुर में 'तू डाल डाल तो मैं पात पात' की बानगी बनी हुई है। इसके लिए जिला प्रशाासन से लेकर अस्पताल प्रबंध भी जिम्मेदार हैं, क्योंकि ये ऐसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति औचक निरीक्षण की गंभीरता नहीं दिखाते। जिसका खामियाजा यहां दूर दराज से इलाज कराने आने वाले आदिवासी परिवारों को भुगतना पड़ता है। नहीं तो प्रशासन चाहे तो चंद दिनों में ही व्यवस्थाएं सुधर जाए। वैसे भी अनूपपुर जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, यहां आने वाले मरीजों की व्यथा, परिस्थितियां तो सिर्फ महसूस किए जा सकते हैं, व्यक्त नहीं किए जा सकते।

**इनका कहना है...**

जिनके नामों की जानकारी सामने आई है उनको नोटिस देकर जवाब मांगा गया हैं, आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ एसबी अवधिया, सिविल सर्जन जिला अस्पताल अनूपपुर।**

## न्यूज इन शॉर्ट

### किशोर को दस्तयाब कर परिजनों किया सुपुर्द

अनूपपुर। कोतमा पुलिस ने स्कूल के लिए निकले किशोर के लापता होने की घटना के बाद दर्ज शिकायत पर दस्तयाब करने में सफलता पाई है। थाना प्रभारी के अनुसार 4 दिसम्बर को फरियादी आयुष नामदेव पिता रामखेलावन नामदेव निवासी जर्रा टोला कोतमा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इसका 16-17 वर्षीय नाबालिक भाई जो कक्षा 12वीं में पढ़ता है लापता हो गया है। 2 दिसम्बर को हमेशा की तरह स्कूल जाने के लिए वाहन में बैठकर निगवानी स्कूल के लिए निकला था, जो वापस घर नहीं आया और ना ही उस तिथि को स्कूल गया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना आरंभ की। जहां अनूपपुर और शहडोल में खोजबीन करने पर शहडोल से दस्तयाब किया गया। पूछताछ में बताया कि घर से बिना बताए बागेश्वर धाम महाराज से मिलने चला जाना बताया। नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

### 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ़्तार

अनूपपुर। कोतवाली पुलिस अनूपपुर ने शनिवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर सोनू सिहं उर्फ सोनू वादी पिता गुनी परस्ते उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुर एवं नाम रामजी धुर्वे (वादी) पिता रामअवतार धुर्वे (वादी) उम्र 20 वर्ष निवासी सकोला थाना चचाई जिला अनूपपुर को बिना नम्बर की बाइक पर तेल के पीपों (डब्बे) में भरकर ले जाते हुए 60 लीटर कच्ची महुआ देशी शराब जब्त की। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, महेन्द्र राठौर, आरक्षक कपिल सोलंकी, पूर्णानन्द मिश्रा शामिल रहे।

### रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते वाहन जब्त

अनूपपुर। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात ग्राम हर्री में सोननदी से अवैध तरीके रेत का उत्खन और परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शिवशंकर प्रजापति, राजेश कंवर, आरक्षक कपिल सोलंकी और अमित यादव ने बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली को घेराबंदी कर पकड़ा। चालक से पूछताछ में विक्रम राठौर उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम हर्री होना बताया जिसे मौके से गिरफ्तार किया गया। साथ ही वाहन मालिक मथुरा प्रसाद राठौर उर्फ भुली निवासी ग्राम हर्री के खिलाफ धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराएं 3/181, 5/180, 130(3)/177 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत अवैध रेत को जब्त किया गया है।

### वरिष्ठ नागरिक शंकर बाबू ने दुनिया को कहा अलविदा, दोपहर ली अंतिम सांसे



अनूपपुर। शहडोल संभाग में अपनी विशिष्ठ पहचान रखने के साथ अनूपपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक के रूप में 92 वर्षीय शंकर प्रसाद शर्मा(शंकर बाबू) ने रविवार की दोपहर परिजनों के साथ नगर और दुनिया को अलविदा कहा दिया। रविवार की दोपहर घर पर ही उनका निधन हो गया। अंतिम संस्कार 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे सोननदी तट के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### पुलिस ने पांच वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार

अनूपपुर। कोतवाली पुलिस न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में फरार चल रहे अपराधियों जिनके विरूद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गये है उनकी गिरफ्तारी करने में जुटी है। शुक्रवार की रात्रि गश्त के दौरान पुलिस द्वारा पांच वर्ष से धोखाधड़ी एवं आपराधिक न्यासभंग के मामले में फरार चल रहे स्थायी गिरफ्तारी वारंटी सौरभ सिहं चौहान पिता प्रमोद सिहं चौहान उम्र 23 साल निवासी ग्राम बरबसपुर अनूपपुर को गिरफ्तार किया है। फरार चल रहे आरोपी सौरभ सिहं चौहान के विरूद्ध थाना कोतवाली अनूपपुर में धारा 406,408 का आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# विद्यार्थियों ने किया जीएनआइओटी/ जीआइएमएस ग्रेटर नॉएडा दिल्ली कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण




### स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत दिल्ली ग्रेटर नॉएडा में विद्यार्थियों को मिला नया अवसर

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय अनूपपुर में संचालित संकल्प महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल के दिनों में जीएनआइओटी/जीआइएमएस कॉलेज ग्रेटर नॉएडा दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया। संकल्प महाविद्यालय एवं जीएनआइओटी/ जीआइएमएस ग्रेटर नॉएडा के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सेमिनार मे भाग लिया। कार्यक्रम के समाप्ति के बाद विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज के विभिन्न विभागों का दौरा किया और अपने ज्ञान को बढ़ाया। जीएनआइओटी/ जीआइएमएस कॉलेज में आयोजित सेमिनार मे डॉ. भूपेन्द्र कुमार सोम(निदेशक, जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा), डॉ. रुचि रायत(कार्यकारी निदेशक, जीआईएमएस),डॉ. शालिनी शर्मा (डीन ओएसडब्ल्यू), प्रो. मुदित तोमर (डीन आउटरीच), प्रो. चंद्रकांत सिंह (अतिरिक्त निदेशक, एल एंड डी और सीआरसी), सौम्या रामकुमार (निदेशक, एल एंड डी और ऑडिट)के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्किल डेवलपमेंट, मैनेजमेंट की ट्रेनिंग प्राप्त की। सेमिनार मे उपस्थित सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र भेंट दिया गया। भ्रमण के दौरान किए गए कार्यक्रम मे विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज के विभिन्न विभागों का दौरा, प्रोफेसरों और विद्यार्थियों से बातचीत, कॉलेज की सुविधाओं और संसाधनों का अवलोकन किया। भ्रमण में विद्यार्थियों के अनुभव में जीएनआइओटी/ जीआइएमएस दिल्ली कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण एक यादगार अनुभव रहा।

विद्यार्थियों द्वारा अपना अनुभव साझा करते हुए निकिता सिंह ने बताया कि ÷इस भ्रमण के दौरान, हमने कॉलेज के प्रोफेसरों और विद्यार्थियों से बातचीत की और उनके अनुभवों के बारे में जाना। यह एक बहुत ही रोमांचक अनुभव था। संकल्प महाविद्यालय संचालक ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के लिए एक अनमोल अनुभव साबित होगी, और वे इसे अपनी शिक्षा और करियर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानेंगे। संस्थान द्वारा इस प्रकार के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के सहयोग को बढ़ावा देना विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संकल्प महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन शैक्षिक सहयोग और राष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विद्यार्थियों को नए अवसरों और दृष्टिकोणों से अवगत कराता है।

### धोखाधड़ी के फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय किया पेश

अनूपपुर। कोतमा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में दो साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। बताया जाता है कि 17 मई 2022 को फरियादी 66 वर्षीय सोहनलाल पिता विक्रम जायसवाल निवासी ग्राम दुल्हीबांध थाना कोतमा ने लिखित आवेदन दिया था, जिसमें शांति जीवन रियलिटी एंड ग्लोबल मार्केटिंग कंपनी के एजेंट रामकृष्ण कश्यप तथा मैनेजर विनोद सिंहा के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 11 लाख रुपए पैसे डबल करने की ठगी करने के आरोप लगाए थे। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471,120 बी एवं 6 मप्र निक्षेपको का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान के मार्गदर्शन में आरोपीगण 43 वर्षीय रामकृष्ण कश्यप पिता स्व. मालिक राम कश्यप निवासी सिमरिया थाना बर्रा जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ हाल राजनगर को मनेंद्रगढ़ से एवं 57 वर्षीय विनोद सिन्हा पिता स्व. नारायण सिन्हा निवासी बौरमा थाना मेहरमा जिला गोड्डा झारखंड हाल संजयनगर अनूपपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। फरियादी से 11 लख रुपए लेकर 5 साल में दुगनी करने के संबंध में लेना एवं फरियादी को वापस नहीं करना बताएं जाने के उपरांत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह सहायक उपनिरी बृजेश पांडेय, प्रधान आरक्षक रामखेलावन, आरक्षक चक्रधर एवं दिनेश किराडे शामिल रहे।

### करनपठार पुलिस ने दो स्थायी वारंट, एक गिरफ्तारी वारंट में आरोपियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय पेश

अनूपपुर। वर्ष की समाप्ति की ओर बढ़ रहे समय और वार्षिक रिपोर्ट में पुलिस द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यमों से आरोपियों की धड़-पकड़ की कार्रवाइ तेजी से की जा रही है। जिसमें करनपठार पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के दो स्थायी वारंट सहित एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि रात्रि कौम्बिंग गस्त के दौरान 7 दिसम्बर को स्थायी वारंटी न्यायाधीश पवन कुमार शंखवार अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय राजेन्द्रग्राम के विशेष प्रकरण 52/19 अपराध क्रमांक 153/24 की धारा 363, 366ए, 376, 342, 34 व पाक्सो एक्ट के आरोपी शिवकुमार बैगा पिता गणेश लाल बैगा उम्र 24 वर्ष ग्राम बासिंग देवरी थाना शाहपुर जिला डिंडौरी, राहुल छत्री न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय राजेन्द्रग्राम के आरसीटी क्रमांक 832/2021 प्रकरण क्रमांक 612/2021 अपराध क्रमांक 126/20 की धारा 294, 323, 506, 34 के स्थायी वारंटी आरोपी कल्ला सिंह उर्फ राजकुमार पिता गणेश सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी कोडार चौकी सरई थाना करनपठार, रूची गोलस सांगर न्यायाकि मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबपुर के एससीएनआरए. /2306/22 एचडीएफसी बैंक धारा 138 एनआई एक्ट के गिरफ्तारी वारंटी नवल नायक पिता पारस नायक निवासी करपा तहसील पुष्पराजगढ़ चौकी सरई करनपठार का जो लगातार फरार चल रहे थे को गिरफ्तारी का कारण बताकर हिरासत में लिया गया। सभी आरोपियो को हिरासत में लेते हुए राजेन्द्रग्राम न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## शिविर

### 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का हुआ शुभारम्भ, टीबी मुक्त भारत बनाने दिलाई गई शपथ

# टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने सामुदायिक सहयोग जरूरी- पीडीजे पीसी गुप्ता

**विजय मत, अनूपपुर।**

क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर की पहल सराहनीय है। इस पहल में सभी के सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता है। सभी के सद्प्रयासों से ही हम टीबी के विरुद्ध जंग जीत सकते हैं। पूर्व में पोलियो के मुक्ति के लिए भी इसी तरह के प्रयास किए गए हैं। यह बात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता शनिवार को जिला अस्पताल के स्वसहायता भवन में आयोजित नि-क्षय शिविर के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि नि-क्षय शिविर के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत आधुनिक चलित इकाई द्वारा जो सुविधा उपलब्ध कराई गई है, उसका सदुपयोग कर निश्चित समय सीमा के पूर्व ही जिले में क्षय रोग का उन्मूलन सुनिश्चित हो, यह प्रयास किया जाए।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि टीबी जिसे कभी लाईलाज माना जाता था। अब




सघन और समर्पित प्रयासों से समाप्ति के करीब है। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का आयोजन टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देगा और जनजागरूकता को बढ़ावा देगा। उन्होंने रोगियों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की। जिपं उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिकी राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सद्प्रयासों से टीबी उन्मूलन का समय आ गया है। कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में सीएमएचओ डॉ. एसबी अवधिया तथा जिला क्षय अधिकारी डॉ. एससी राय ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर टीबी चैम्पियन संत कुमार दाहिया तथा दुर्गा कुशवाहा ने अपने टीबी उन्मूलन की सफलता की गाथा का बखान किया। वहीं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा अन्य अतिथिगणों के श्रवण और देखने की व्यवस्था जिला स्तरीय कार्यक्रम में की गई थी। इस अवसर पर नि-क्षय पोषण किट का वितरण अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को किया गया।

#### टीबी मुक्त भारत बनाने की दिलाई गई शपथ

100 दिवसीय नि-क्षय शिविर के शुभारम्भ पर टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। जिपं अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर टीबी हारेगा, देश जीतेगा का उद्घोष किया गया। क्षय रोग की जांच संबंधी चलित नि-क्षय वाहन को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाहन जिले के दूरदराज क्षेत्रों में अभियान की जनजागरूकता बढ़ाने तथा जांच कर रोगियों के चिन्हांकन का प्रभावी कार्य करेगा।

### आदिवासी महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर। कोतवाली थाना अनूपपुर दुलहरा गांव में 38 वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ के प्रकरण में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने बताया कि सम्बंधित महिला के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि गुरूवार की रात करीब 8 बजे जब वह अपने घर के सामने बनी शौचालय में थी, तभी नान पटेल निवासी ग्राम दुलहरा के द्वारा गलत नियत से हाथ पकडक़र छेडख़ानी की गई। महिला के द्वारा चिल्लाने पर आरोपी मौके पर से भाग गया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74 बीएनएस 3(1)(डब्ल्यू)(आई)3(2)(वीए) अनुसूचित सूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम पंजीबद्ध किया कर आरोपी नान पटेल पिता निर्बल पटेल उम्र 40 साल निवासी ग्राम दुलहरा को गिरफ्तार किया गया है।

# बाइक की टक्कर में वृद्धा तो ट्रेन की चपेट में आने से एक अन्य की मौत

**विजय मत, अनूपपुर।**

अनूपपुर एवं अमलाई क्षेत्र में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो वृद्धों की मौत का मामला सामने आया है। जिसमें एक वृद्धा की मौत बाइक की टक्कर से तो दूसरे वृद्ध की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है। बताया जाता है कि चचाई थाना अंतर्गत अमलाई नगर मुख्य मार्ग पर शनिवार की शाम बाजार से घर पैदल जा रही 58 वर्षीय सोनिया कोल पति अच्छेलाल कोल निवासी डोंगरियाटोला को सामने से आ रही बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें वृद्धा सोनिया कोल को गंभीर चोटें आई। परिजनों द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था, जहां पहुंचने की पूर्व मौत हो गई। अस्पताल चिकित्सक ने पूर्व मौत की पुष्टि कर घटना की सूचना पुलिस सहायता केन्द्र जिला अस्पताल को दी। वहीं बाइक चालक नाबालिक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

दूसरी घटना अनूपपुर थाना अंतर्गत परसवार गांव में रविवार की दोपहर घटी। बताया जाता है कि घर से मुख्य मार्ग की ओर आ रहे 85 वर्षीय दुलीचंद पटेल पिता रामप्रसाद पटेल निवासी ठकुरानटोला परसवार अनूपपुर से अमलाई की ओर जा रही मेमो यात्री ट्रेन से टकरा गए। जिसमें दुलीचंद को गंभीर चोट आने पर स्थल पर ही मौत हो गई। शव को जिला अस्पताल लाते हुए पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस दोनों घटनाओं पर जांच कर रही है।

## शमी भेजे जा सकते हैं ऑस्ट्रेलिया



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बॉर्डर गावस्कर सीरीज के बचे हुए मैचों के लिए शीघ्र ही ऑस्ट्रेलिया भेजा जा सकता है। भारतीय टीम को सीरीज के दूसरे ही मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में शमी के जाने से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर से दबाव कम होगा। शमी अभी बंगाल की ओर से सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेल रहे हैं। यहां उनको फिटनेस में अभी तक कोई समस्या नहीं हुई है। ऐसे में एनसीए की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस की जांच करेगी और सब कुछ ठीक होने पर उन्हें दौरे पर भेजा जा सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह 26 दिसंबर 'बॉक्सिंग डे' से शुरु हो रहे चौथे टेस्ट में खेल सकते हैं।

## सिराज ने हेड के दावों को गलत बताते हुए कहा, मैंने कोई टिप्पणी नहीं की थी



**एडिलेड।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड के बीच विवाद भी हुआ। उसी को लेकर सिराज ने हेड के दावे को गलत बताया है। सिराज ने कहा कि मैंने हेड पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। इस मैच में विवाद उस समय शुरु हुआ जब सिराज ने छक्का लगने के तुरंत बाद हेड का विकेट लिय। आउट होने के बाद सिराज ने ड्रेसिंग रूम की ओर कुछ इशारा किया, जिस पर हेड ने प्रतिक्रिया दी। इस घटना को लेक हेड ने कहा कि उन्होंने सिराज की गेंद की तारीफ की थी पर उनका मानना था कि इस पर जश्न मनाने की जरुरत नहीं थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट दस विकेट से जीता, भारतीय टीम की करारी हार

**एडीलेड, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को दस विकेट से हराकर बॉर्डर गावस्कर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। भारतीय टीम तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए केवल 19 रन बनाने थे जो उसके सलामी बल्लेबाजों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना किसी नुकसान के चार ओवरों में ही बना लिए। भारतीय टीम ने गुलाबी गेंद से खेले गये दिन-रात के इस मैच के तीसरे ही दिन समर्पण कर दिया।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाज मिचेल स्टार्क सहित ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के

**सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी**




सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में 44.1 ओवर में ही 180 रनों पर आउट हो गये। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड के शतक से अपनी पहली पारी में 337 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 157 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 36.5 ओवर में 175 रनों पर ही सिमट गयी। दोनों ही पारियों में सारे विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। पहली पारी में स्टार्क ने सबसे अधिक 6 विकेट जबकि दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इससे पहले आज सुब भारतीय टीम ने दूसरे दिन के 5 विकेट पर 128 रनों से आगे खेलते हुए तीसर दिन सबसे पहले ऋषभ पंत 28 का विकेट खोया। ऋषभ अपने दूसरे दिन के स्कोर में बिना एक भी रन जोड़े बिना पेवेलियन लौट गये। इस प्रकार 128 के स्कोर पर भारतीय टीम का छठा विकेट गिरा। नीतीश ने पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी सबसे अधिक 42 रन बनाए और किसी प्रकार भारतीय टीम को ने 166 रन तक पहुंचाया। इसके बाद नीतीश कैच आउट हुए। इस प्रकार भारतीय टीम का नौवा विकेट गिरा। अंतिम विकेट मो सिराज के रुप में गिरा और इसके साथ ही भारतीय टीम हार गयी। थर्डमैन पर लपके गए. वे नौवें बैटर के तौर पर आउट हुए. इसके 9 रन बाद सिराज के आउट होते ही भारतीय टीम 175 रन पर ऑलआउट हो गई।

## करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करे राष्ट्रीय महासंघ : बोपन्ना

**मुंबई, एजेंसी**



अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा है कि खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है।

उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है।'' बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया

**ब्रिसबेन।** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया।

## आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी

**मुम्बई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा।

ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता।

पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले



आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें।

मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम -12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

**फुटबॉल**




मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड और नौटिंघम के खिलाड़ी।

# बिजनेस

## होंडा की तीन नई कारें लॉन्च करने की योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय बाजार में होंडा कार्स इंडिया ने 2026-2027 तक तीन नई कारें लॉन्च करने की योजना है। इन कारों में एक कंपनी की पहली पूरी तरह से इलेक्ट्रिक (ईवी) कार होगी । होंडा कार्स इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, ताकुया त्सुमुरा ने इस योजना की जानकारी दी।


यह इलेक्ट्रिक कार होंडा की नई एसयूवी एलिवेट पर आधारित होगी, जिसे विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन के लिए डिज़ाइन किया जाएगा। त्सुमुरा ने बताया कि 2025 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार और भी प्रतिस्पर्धी होगा, क्योंकि महिंद्रा, मारुति सुजुकी, हुंडई और किआ जैसी कंपनियां अपनी इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च करने की तैयारी में हैं। हालांकि, होंडा 2025-26 में कोई नई कार लॉन्च नहीं करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनी की आगामी इलेक्ट्रिक कार केवल एलिवेट में बैटरी डालने से तैयार नहीं होगी, बल्कि यह एक नई पूरी तरह से ईवी डिज़ाइन होगी। होंडा का लक्ष्य 2030 तक अपनी दुनिया भर में कारों का दो-तिहाई हिस्सा इलेक्ट्रिक करने का है, और 2040 तक उनकी सभी कारें इलेक्ट्रिक होंगी।

**विदेशी बाजारों में भाव सुधरने से पाम-पामोलीन तेल में हुआ सुधार**

## सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट, मूंगफली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने की वजह से बीते सप्ताह देश के खाने के तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के भाव में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में भाव सुधरने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह मांग कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। कीमत की इस गिरावट की वजह से मंडियों में सरसों की आवक भी घटी है जो पहले के लगभग दो लाख बोरी से घटकर 1.40-1.45 लाख बोरी रह



गई। जबकि देश में सरसों की रोजाना मांग 3.5-4 लाख बोरी की है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,275-2,375 रुपये और 2,275-2,400 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 200-200 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,035 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर के दाम क्रमशः 10 रुपये, 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ क्रमशः 13,885 रुपये और 13,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का भाव 9,885 रुपये क्विंटल पर अपरिवर्तित बने रहे। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार देखने को मिली। मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये सुधरकर 6,250-6,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ वहीं मूंगफली तेल गुजरात 400 रुपये की तेजी के साथ 14,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 55 रुपये की तेजी दर्शाता 2,185-2,485 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। मलेशिया में मजबूत होते दाम की वजह से कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 400 रुपये सुधरकर 13,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 350 रुपये के सुधार के साथ 14,750 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये के सुधार के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही।आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान भारत को मॉरीशस से 177.18 अरब अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर से 167.47 अरब अमेरिकी डॉलर और अमेरिका से 67.8 अरब अमेरिकी डॉलर मिले। इनमें से ज्यादातर निवेश सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, ऑटोमोबाइल, रसायन और दवा क्षेत्र में आया।

## भूटान में 2029 में चालू होगी खोरलोचू जलविद्युत परियोजना : टाटा पावर

**नई दिल्ली।** टाटा पावर का भूटान में 6,900 करोड़ रुपये की खोरलोचू जलविद्युत परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और संयंत्र के 2029 तक शुरू होने की संभावना है। यह 600 मेगावाट की परियोजना पड़ोसी देश के पूर्वी हिस्से में खोलोंगचू नदी पर विकसित की जा रही है। यह बात टाटा पावर के एक अ?धिकारी ने कही है। भारत के बाहर जलविद्युत परियोजनाओं की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में अ?धिकारी ने बताया ?कि हम भूटान पर नजर रख रहे हैं। खोरलोचू में 600 मेगावाट की परियोजना के लिए काम पहले ही शुरू हो चुका है, सुरंग का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना सितंबर 2029 में शुरू होने की संभावना है। टाटा पावर और भूटान स्थित ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीजीपीसी) ने अगस्त में 6,900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जलविद्युत परियोजना विकसित करने के लिए साझेदारी की थी। इस साझेदारी के तहत टाटा पावर का सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाली कंपनी खोरलोचू हाइड्रो पावर लिमिटेड में 40 प्रतिशत इक्विटी निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि साझेदारी के तहत भूटान में 1,125 मेगावाट की एक और परियोजना स्थापित की जाएगी।

## वैश्विक रुझानों, एफआईआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल



» रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी

**मुम्बई, एजेंसी**

इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से शेयर बाजारों की चाल प्रभावित होगी। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि इसके अलावा रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों को वैश्विक संकेतों, घरेलू आर्थिक संकेतकों और विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों के रुख से आगे की दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपये की विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमत जैसे प्रमुख कारक भी बाजार के रुझानों को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव चुनौतियां पेश करते रहते हैं। हालांकि, डॉलर सूचकांक और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में हालिया गिरावट ने भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाया है। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक उछला, जबकि एनएसई निफ्टी में 546.7 अंक की बढ़त हुई। बाजार के जानकारों ने कहा कि दिसंबर की शुरुआत में एफआईआई के एक बार फिर खरीदारी शुरू करने से बाजार की धारणा सकारात्मक हुई है।

## विदेशी निवेशकों ने दिसंबर के पहले सप्ताह में किया 24,454 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में मजबूत वापसी की है। पिछले दो महीनों में हुए बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों ने दिसंबर के पहले सप्ताह में 24,454 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश किए हैं। इसके चलते भारतीय शेयर बाजारों में स्थिरता की संभावना बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक वैश्विक हालात में स्थिरता और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। निवेशकों ने पिछले महीनों में बड़ी निकासी की थी, जिससे भारतीय शेयर बाजारों में दबाव देखने को मिला था। प्रवाह में देखने के अनुसार 2024 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का रुख 9,435 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस वापसी में भारतीय कंपनियों का तीसरी तिमाही की आय प्रदर्शन और आर्थिक वृद्धि का मोर्चा है। वेतन योजना, मुद्रास्फीति और ब्याज दरें भी इसमें महत्वपूर्ण हैं। भारतीय निवेशकों की भी भावनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने छह दिसंबर तक 24,454 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इस स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आगे की उम्मीदें बढ़ी हैं।

## भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर चर्चा

**अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति पर चर्चा करते हुए ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की। अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी, जबकि कैश रिजर्व रेशियो 0.50 फीसदी कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई से राहत दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताई है। महंगाई दर 14 महीने के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है और इसके कारण रिजर्व बैंक की टारगेट रेंज को 2 से 6 फीसदी में रखने का प्रयास किया जा रहा है। महंगाई दर की इस बढ़ोतरी के बावजूद, गवर्नर शक्तिकांत दास अभी भी ब्याज दरों में कटौती करने के अनुकूल नहीं हैं। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के नक्शेकदम पर चलते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास का रुख दिखाई दे रहा है। रघुराम राजन ने भी अत्यधिक महंगाई के समय ब्याज दरों को बढ़ाया था, अगर भी सरकार चाहे तो वे कदम नहीं उठा पाए थे। वित्त और उद्योग मंत्रियों ने भी ब्याज दरें कम करने की मांग की है ताकि व्यापारियों को विस्तार और कैपेसिटी बढ़ाने के लिए सस्ता पैसा मिल सके। इस सभी चर्चाओं के बीच, अभी तक कोई निर्णय सुनिश्चित नहीं हुआ है की ब्याज दरों में कटौती होगी या नहीं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### उमंग कार्यक्रम प्रदेश के 9306 विद्यालयों में संचालित

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के 9 हजार 306 विद्यालयों में हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान, माध्यमिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से मिलकर उमंग कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र और छात्राओं में बेहतर जीवन कौशल विकसित करना है। उमंग कार्यक्रम के मॉड्यूल में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, पोषण, जेण्डर, हिंसा, कम उम्र में विवाह, यौन उत्पीड़न और शोषण, घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को शामिल किया गया है। उमंग कार्यक्रम से 21 लाख छात्र-छात्राएँ लाभान्वित हो रहे हैं। उमंग कार्यक्रम के जरिये स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों में लड़कियों और महिलाओं के प्रति सम्मान विकसित करने के उद्देश्य से यूएनएफपीए के सहयोग से 10 पोस्टर निर्मित किये गये हैं। यह पोस्टर्स लड़कों में नारी के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उमंग कार्यक्रम की प्रदेश में प्रशंसा भी हुई है और इसे पुरस्कृत भी किया गया है। उमंग कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के बाद विभाग ने प्रशिक्षण मार्गदर्शिका पुस्तक फ्रउज्ज्वल'' तैयार की है। इसके माध्यम से स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की सोच में सकारात्मक बदलाव के लिये ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। छात्रों को पुरुषत्व के सही मायनों के बारे में बताया जा रहा है। इस मार्गदर्शिका का परीक्षण प्रदेश के डिण्डोरी, बैतूल, गुना एवं भोपाल जिलों में कक्षा-9 से 12वीं के विद्यार्थियों के साथ किया गया है।

### हेमंत सिंह और उस्मान अली खान ने किया प्रदेश का नाम रोशन

**भोपाल।** प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी हेमंत सिंह और उस्मान अली खान ने अंडर-18 बालक वर्ग के डिस्कस थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर मध्यप्रदेश का मान बढ़ाया है। हेमंत सिंह ने 57.98 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो उनका पहला राष्ट्रीय पदक है। वहीं उस्मान अली खान ने 54.44 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ी वर्तमान में मोहम्मद हदीथ और संदीप सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश की खेल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत और उनके कोचों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

### एरी सिल्क कोट और गले में लाल मफलर पहन ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया रैंप वॉक

**भोपाल।** उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का चमचमाता एरी सिल्क कोट और गले में लाल मफलर पहने ग्वालियर के महाराजा का जलवा देखकर हर कोई दंग रह गया। दरअसल मौका था अष्टलक्ष्मी महोत्सव कार्यक्रम का। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित महोत्सव में फैशन शो का आयोजन हुआ। इस फैशन शो में ग्वालियर के महाराज और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी रैंप वॉक करते दिखाई दिए। जैसे ही सिंधिया का रैंप वॉक करता वीडियो वायरल हुआ तब उनके फैंस खुश हो गए। पूर्वोत्तर संस्कृति का जश्न मनाते हुए फैशन शो में रैंप पर वॉक करते हुए सिंधिया इतने उत्साहित दिखे कि उन्होंने अपने इस अनुभव को एक्स पर भी शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'वास्तव में यह संस्कृति और रचनात्मकता का उत्सव है! पूर्वोत्तर भारत की जीवंत शैलियों को प्रदर्शित करने वाले फैशन शो में एक अद्भुत समय बिताया! प्रत्येक राज्य को प्रतिभाशाली कलाकारों और मॉडलों द्वारा खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया था। अपने सहयोगी सुकांत मजूमदार के साथ कार्यक्रम का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'

### भोपाल में आजाद अतिथि शिक्षक संघ ने मंत्री और विधायकों को ज्ञापन सौंपे

**भोपाल।** भोपाल में रविवार को अतिथि शिक्षकों के एक दल ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री और विधायकों को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान आजाद अतिथि शिक्षक संघ से सुमित पाठक ने मंत्री विश्वास सारंग के अलावा कृष्णा गौर, रामेश्वर शर्मा और भगवान दास सबनानी को ज्ञापन दिए। ज्ञापन में उन्होंने कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित (पद स्थायित्व) कराने जैसी मांग की। अतिथि शिक्षकों के दल में अशोक भार्गव और लोकेश और उत्कृष्ट सिंगरौली शामिल रहे। आजाद अतिथि शिक्षक संघ के पाठक ने बताया कि मध्यप्रदेश के शासकीय स्कूलों में अल्प मानदेय पर अतिथि शिक्षक 15-16 सालों से ईमानदारी के साथ सेवा देते आ रहे हैं। मगर आज तक भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने बताया कि हमारी प्रमुख मांगे हैं कि कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की वर्ग वार, विषयवार विभागीय परीक्षा आयोजित कर नियमित शिक्षक बनाने का प्रस्ताव पारित करे। जब तक विभागीय परीक्षा नहीं होती।

## मुख्यमंत्री ने की जन-कल्याण अभियान और पर्व की तैयारियों की समीक्षा

# प्रदेश में 11 से शुरू होगा जन-कल्याण अभियान और जन-कल्याण पर्व: मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जायेगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक प्रदेश में जन-कल्याण पर्व भी मनाया जायेगा, इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों की गतिविधियों और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी होगा। साथ ही राज्य शासन की एक वर्ष की उपलब्धियों को प्रदर्शित भी किया जायेगा।



### जन-कल्याण पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में 11 से 26 दिसम्बर 2024 तक मनाये जाने वाले मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व में विभिन्न विकास गतिविधियाँ होंगी। पर्व का शुभारंभ 11 दिसम्बर को भोपाल में लाड़ली बहना योजना की राशि वितरण से किया जायेगा। साथ गीता जयंती पर वृहद गीता का पाठ होगा। पर्व अवधि में अलीराजपुर की सांडवा माईक्रो सिंचाई योजना का भूमि-पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर केन्द्रित प्रदर्शनी, भोपाल, सीहोर एवं रायसेन से युवाओं की रातापानी अभयारण्य के निकट बाइक रैली, अक्षयपात्र कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को पोषण आहार किट का वितरण, ग्वालियर में तानसेन समारोह अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण और महाराजा जीवाजी राव सिंधिया की मूर्ति का अनावरण होगा।

***राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियाँ की जायेंगी साझा...*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 13 दिसम्बर को मध्यप्रदेश सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भोपाल संभाग में 630 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया जायेगा। भोपाल, सीहोर एवं रायसेन से युवाओं की रातापानी अभयारण से लेकर नगर के गोलजोड़ तक बाइक रैली आयोजित की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के पिछले एक वर्ष में जन-हितकारी कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रदर्शनी प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर लगाई जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 2025 में आयोजित होने जा रहे इंडस्ट्रीज कान्वलेव के फ्रलोगोफ्र का अनावरण एवं थीम लांच की जायेगी। मध्यप्रदेश पुलिस के बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जायेगी। सोलह दिन तक चलने वाले जन-कल्याण पर्व में ग्वालियर, जबलपुर, शहडोल, सागर, पचमढ़ी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। नदी जोड़ो अभियान, वन मेले, पुलिस बैंड की प्रस्तुति, ग्वालियर में तानसेन समारोह तथा कन्वेशन सेंटर का लोकार्पण एवं अक्षय पात्र जैसी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। साथ ही राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को प्रदेशवासियों के साथ साझा किया जायेगा।*

### मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन-कल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवा, नारी, किसान तथा गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है एवं उनके हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है। इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगेंगे शिविर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान अवधि में शहरी और ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण और पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। आयुष्मान योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के कार्ड बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजित शिविरों का माहौल और उनमें दी जाने वाली सुविधाओं को इस प्रकार से प्रचारित करें कि नागरिक स्वयं अपनी इच्छा से शिविर में आयें।

## आधारहीन एवं सत्यहीन विषयों पर किसी तरह की प्रतिक्रिया व टिप्पणी न करें पार्टी कार्यकर्ता: वीडी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के विषय में कांग्रेस निराधार एवं भ्रामक खबरें प्रायोजित कर रही है। मैं मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते प्रदेश नेतृत्व व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट सूचित करना चाहता हूं कि इस तरह के आधारहीन, तथ्यहीन व भ्रामक विषयों पर किसी भी तरह की प्रतिक्रिया व टिप्पणी न करें। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सम्मानित केंद्रीय मंत्री हैं। जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक सिंधिया परिवार का पारिवारिक नाता है।



### विजयपुर विधानसभा उपचुनाव सामूहिक नेतृत्व के आधार पर पूरी मजबूती से लड़ा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विजयपुर विधानसभा उपचुनाव भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक नेतृत्व के आधार पर पूरी मजबूती के साथ लड़ा था और पिछले विधानसभा चुनाव से अधिक मत प्राप्त किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जी के नेतृत्व में देश में एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार मध्यप्रदेश को स्वर्णिम बनाने के लिए संकल्पित है।

### सदमे से नहीं उबर पाई कांग्रेस, इसलिए असत्य खबरों को प्रश्रय दे रही

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सम्मानित केंद्रीय मंत्री हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी जनसंघ की संस्थापक रही थीं। जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक सिंधिया परिवार का वर्षों पुराना पारिवारिक नाता रहा है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को गिराकर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्यप्रदेश में भाजपा की विकासवादी व राष्ट्रवादी सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस पार्टी कमलनाथ की सरकार गिरने के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई है, इसलिए अपने नाकारा नेतृत्व को छिपाने के लिए इस तरह के निराधार व असत्य विषयों को प्रश्रय देकर भ्रम फैलाने का कार्य करती है।

## टाइगर रिजर्व के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक वर्मा को टीओएफटी अवार्ड

**विजय मत, भोपाल**

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक श्री प्रकाश कुमार वर्मा को जलवायु संरक्षण थीम के अंतर्गत प्रतिष्ठित टीओएफ टाइगर्स ट्रेवल अवार्ड संस्था ने नई दिल्ली में उप विजेता के रूप में सम्मानित किया। यह अवार्ड टाइगर रिजर्व के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि है। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में उप संचालक के पद पर पदस्थ श्री वर्मा को अखिल भारतीय स्तर पर वन्य-जीवन संरक्षण से जुड़ी संस्था टीएफटी द्वारा ऑफ द इयर-2024 अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री वर्मा 2014 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं। इन्हें यह सम्मान कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पदस्थापना के



दौरान चीता प्रोजेक्ट की सफलता के साथ जैव विविधता संरक्षण, प्रजातियों के परिचय और प्रभावी वन अग्नि प्रबंधन, शांतिपूर्ण व्यवस्थापन, वन्य-जीव संरक्षण के कार्य में कम्युनिटी को जोड़ने में अग्रणी कार्यों के लिये प्रदान किया गया है। टीएफटी एक स्वयंसेवी संस्था है, जिसका गठन वर्ष 2004 में वन्य-जीव संरक्षण, पर्यटन, प्लास्टिक मुक्त जंगल, बाघों के संरक्षण में योगदान जैसे उद्देश्यों को लेकर किया गया है। संस्था अखिल भारतीय स्तर पर कार्यरत है। टाइगर रिजर्व में संसाधन मुहैया कराने के साथ यह संस्था वन्य-जीव संरक्षण से जुड़े लोगों को हर वर्ष सम्मानित भी करती है।

## एसीएस मंडलोई ने लिया लोड डिस्पैच सेंटर की कार्यप्रणाली का जायजा

**विजय मत, भोपाल**

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में नयागांव स्थित लोड डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। मंडलोई ने निरीक्षण के दौरान स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर की साइबर सिक्योरिटी के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि इस संबंध में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की साइबर सिक्योरिटी संबंधित प्रक्रियाओं को राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा, अन्य प्रदेशों के लोड डिस्पैच सेंटरों को अनुपालन करने की सलाह दी गई है।

मंडलोई ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर में अत्याधुनिक तकनीक के उपकरणों की सहायता से प्रदेश की विद्युत प्रणाली के रियल टाइम मॉनिटरिंग, समूचे प्रदेश एवं ग्रिड के सब-स्टशेनों से आने वाले डेटा, ग्रिड अनुशासन, एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब-स्टेशनों के लोड पैटर्न, एनर्जी अकाउंटिंग, ओपन एक्सेस आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।



अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के डिजास्टर मैनेजमेंट संबंधित तैयारी की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि लोड डिस्पेच सेंटर में समय-समय पर मॉक ड्रिल और आई लैंडिंग स्कीम से सिस्टम की विश्वसनीयता और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के इंतजामों का परीक्षण किया जाता है।

मंडलोई ने लोड डिस्पेच सेंटर में मध्यप्रदेश में बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जाने वाली पॉवर शिड्यूलिंग, विद्युत उत्पादन गृहों से समन्वय, मध्यप्रदेश की 400 के.व्ही. की ट्रांसमिशन लाइनों में पॉवर फ्लो, रिन्यूअल इनर्जी का उत्पादन जैसे अनेक अन्य तकनीकी विषयों की जानकारी ली। उन्होंने वन-नेशन-वन ग्रिड की अवधारणा को भी समझा और प्रदेश में सोलर एनर्जी के बढ़ते उत्पादन को ग्रिड के साथ इंटीग्रेट करने की चुनौतियों पर भी चर्चा की।

# कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटे नहीं: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि माताएँ व बहनें जागरूक रहें कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटे नहीं। स्वास्थ्य विभाग का अमला भी हर बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 16 संवेदनशील जिलों में पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिये सभी का सहयोग ज़रूरी है। कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वस्थ्य भारत के लिए




अभियान चलाकर रोगों के उन्मूलन के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। प्रदेश में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक सभी प्रकार की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि समय रहते रोग की जांच हो जाऐ और उपचार मिले जिससे अस्पतालों में भीड़ न बढ़े।

## मैनिट में आयोजित तीन दिवसीय स्त्री 2024 का हुआ समापन

# महिलाएं भारतीय ज्ञान परम्परा की संरक्षिका और प्रवाहिका: भूरिया

**विजय मत, भोपाल**

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाएँ भारतीय ज्ञान परम्परा की संरक्षिका और प्रवाहिका हैं। उन्होंने कहा किआदिकाल से माँ सरस्वती को ज्ञान एवं विद्या की देवी माना गया और दुर्गा को शक्ति का प्रतीक, इससे स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं के योगदान को आदिकाल से महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति की इस परम्परा का निर्वहन आज तक जारी है। मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के एक नये आयाम स्थापित कर रहा है और इसमें महिलाओं का योगदान अग्रणी है। आज जब भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, तब इस लक्ष्य को तेज गति से हासिल करने के लिये महिलाओं का सशक्तिकरण, अनुसंधान, और उद्यमिता पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे महिलाओं की भागीदारी न केवल समाज को सशक्त बनाती है, बल्कि देश को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। मंत्री भूरिया



रविवार को मैनिट में आयोजित %स्त्री 2024% के तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन को संबोधित कर रही थी।

मंत्री भूरिया ने कहा कि महिलाएँ आदिकाल से भारतीय ज्ञान-परम्परा की न केवल संरक्षिका व प्रवाहिका रही है, वरन ज्ञान और कौशल भी महिलाओं से ही प्रारंभ हुआ है। यही कारण है कि महिलाओं को जननी कहा जाता है। वैदिक काल में महिलाएँ शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी थीं। गार्गी, मैत्रेयी, और लोपामुद्रा जैसी विदूषियों ने वेदों और शास्त्रों पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# मंत्री सारंग ने महापौर राय व विधायक सबनानी की उपस्थिति में किया 'रन भोपाल रन' का शुभारंभ




**विजय मत, भोपाल**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर श्रीमती मालती राय व विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में ''रन भोपाल रन'' का स्थानीय टी.टी.नगर स्टेडियम में झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। भोपाल रनर एसोसिएशन द्वारा आयोजित ''रन भोपाल रन'' में बड़ी संख्या में सभी आयु वर्गों के लोगों ने भाग लिया।

## खास-खबर

### भोपाल में गीता जयंती पर 6000 बटुकों के सस्वर गीता पाठ से बनेगा विश्व रिकॉर्ड

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं गीता जयंती की तैयारियों के संबंध में काश्यप ने की बैठक

**विजय मत, भोपाल**

सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, जनकल्याण पर्व एवं भोपाल लाल परेड में गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की। प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की शुरुआत 11 दिसम्बर से की जाएगी, जो 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के दिन संपन्न होगा। इस दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक जनकल्याण पर्व भी मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है।



प्रभारी मंत्री काश्यप ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाए, जहां पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने भोपाल में गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियाँ समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाल परेड मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में 6000 बटुक एक साथ सस्वर गीता पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे।इस हेतु सभी आवश्यक तैयारिया की जायें। इसी के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम से ÷लाड़ली बहना योजना÷ की पात्र बहनों को दिसंबर माह की राशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शुभारंभ इस कार्यक्रम से होगा और इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस अवधि में सभी क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और हर स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भोपाल में एनसीसी का पैरासैलिंग कैंप शुरू

# रोजाना 60-70 कैडेट्स हवा में उतरेंगे, 16 दिसंबर तक चलेगा

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के दशहरा ग्राउंड में रविवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए पैरासैलिंग गतिविधि कैंप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 70 कैडेट्स ने पैरासैलिंग की। यह आयोजन 16 दिसंबर तक चलने वाला है। इसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 500 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। 9 दिन तक चलने वाले इस कैंप का आयोजन एनसीसी ग्रुप मुख्यालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है। इसका नेतृत्व मेजर जनरल विक्रांत एम. धूमने, एडीजी, एमपी और सीजी डीटीई कर रहे हैं। इस कैंप में रोजाना 60 से 70 कैडेट्स



पैरासैलिंग करेंगे। इस दौरान वे पैरासैलिंग के गुर भी सीखेंगे। इस आयोजन की नोडल एजेंसी लियो एडवेंचर है। एजेंसी की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कैडेट्स को प्रैक्टिस और मार्गदर्शन देने के लिए एक्सपर्ट्स भी बुलाए गए हैं, जिनकी देखरेख में यह आयोजन हो रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com